

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 269 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, रविवार 7 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर — रायपुर से बरगढ़ तक नई रेल लाईन बनाने रेल मंत्री को राजा देवेन्द्र ...

भाजपा नेता डॉ. खरे ने सभी क्षेत्र वासियों को हर घर झंडा लगाने की दी संदेश — पेज -8 पर


# विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस करेगी 75 किमी की पदयात्रा:विधायकों को बनाया गया प्रभारी

## जहां विधायक नहीं वहां हारे उम्मीदवारों को जिम्मा,15 को जनसभा

**रायपुर।** स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस की प्रस्तावित पदयात्रा की तैयारी तेज हो चुकी है। आजादी की गौरव यात्रा नाम से यह पदयात्रा 75 किमी लंबी होगी। यह यात्रा 9 अगस्त से शुरू होनी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पदयात्रा के लिए संबंधित क्षेत्र के विधायकों को प्रभारी बनाया है। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें से 71 में कांग्रेस के विधायक हैं।

जिन 19 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के विधायक नहीं हैं, उनमें से 15 क्षेत्रों में 2018 का चुनाव हारे नेताओं को प्रभार मिला है। राजनांदगांव में प्रत्याशी रहीं करुणा शुक्ला के निधन की वजह से



यह पदयात्रा 9 अगस्त से शुरू होनी है। पाटन में सीएम भूपेश बघेल और अंबिकापुर में टीएस सिंहदेव पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे।

पदयात्रा का प्रभार कुलबीर छाबड़ा को दिया गया है। वहीं कोटा विधानसभा में प्रत्याशी रहे विभोर सिंह की जगह विजय केशरवानी को प्रभार मिला है। पामगढ़ में पूर्व प्रत्याशी गोरेलाल वर्मन की जगह रवि भारद्वाज को पदयात्रा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का चेहरा रहे कन्हैयालाल अग्रवाल को ड्राप कर रायपुर नगर निगम के सभापति और पूर्व महापौर प्रमोद दुबे को पदयात्रा का जिम्मा मिला है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पाटन में पदयात्रा का नेतृत्व करना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम कोण्डागांव में, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सक्ती में और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा की जिम्मेदारी संभालेंगे। शेष मंत्रियों में ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण, रविन्द्र चौबे को साजा, डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग, मोहम्मद अकबर को कवर्धा, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम को प्रतापपुर, कवासी लखमा को कोंटा, अमरजीत भगत को सीतापुर, उमेश पटेल को खरसिया, जयसिंह अग्रवाल को कोरबा, अनिला भेड़िया को डोंडी-लोहारा और गुरु रुद्र कुमार को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा की अगुवाई करनी है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया, 9 अगस्त से शुरू होकर यह पदयात्रा 15 अगस्त को संपन्न होगी। 15 अगस्त को रायपुर में एक बड़ी जनसभा भी होनी है।

### पार्टी ने जो सूची जारी की उसमें देवेंद्र का नाम गायब

*पदयात्रा प्रभारियों के लिए कांग्रेस ने जो सूची जारी की है, उसमें भिलाई नगर से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव का नाम ही गायब था। भिलाई नगर में उनकी जगह पूर्व विधायक बदरुद्दीन कुरैशी का नाम दर्ज था। वहीं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से जहां बदरुद्दीन पिछला चुनाव हारे थे, वहां से अरुण सिसौदिया को प्रभारी बनाया गया था।*

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिले सीएम बघेल

# द्रौपदी मुर्मू को दी बधाई, पीएम मोदी से अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने द्रौपदी मुर्मू को सर्वोच्च संविधानिक पद संभालने की बधाई दी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान प्रदेश के कुछ मुद्दों पर बातचीत भी हुई है। मुख्यमंत्री रविवार को हिमाचल प्रदेश के चुनावी दौरे पर शिमला जाने वाले हैं।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 5 अगस्त से दिल्ली दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रपति भवन जाकर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उम्मीद जताई कि नई राष्ट्रपति की अगुवाई में देश आगे बढ़ेगा। राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। अधिकारियों ने इसे सौजन्य मुलाकात बताया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को एक खास हस्तशिल्प भेंट किया है। इस दौरान किसी खास एजेंडे पर चर्चा नहीं हुई है। हालांकि बातचीत के दौरान प्रदेश से जुड़े कुछ विषयों पर बातचीत की बात सामने आ रही है। बातचीत का ब्यौरा सामने नहीं आया है। मुख्यमंत्री शनिवार को दिन भर दिल्ली में ही रहेंगे। इस दौरान वे कुछ केंद्रीय मंत्रियों और कांग्रेस संगठन के नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं।

### राहुल गांधी से भी की मुलाकात



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को रायपुर में महंगाई, बेरोजगारी और अग्निपथ योजना के विरोध में हुए आंदोलन की अगुवाई की थी। वहां से वे सीधे दिल्ली जाने के लिए हवाई अड्?डे पहुंचे। दिल्ली में उन्होंने पुलिस के किंग्सवे कैंप में हिरासत में लिए गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी।

### दो दिन हिमाचल में डेरा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार सुबह दिल्ली से शिमला जाएंगे। वहां हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकें होनी हैं। वे सोमवार शाम तक रायपुर वापस लौटेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा कार्यक्रम पिछले महीने दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में हुई वरिष्ठ नेताओं की बैठक में ही तय हो गया था। इस साल हिमाचल प्रदेश विधानसभा का चुनाव होना है। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को वहां का सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री नई दिल्ली प्रवास के दौरान नव निर्वाचित राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य मुलाक़ात की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नई दिल्ली प्रवास के दौरान नव निर्वाचित राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य मुलाक़ात की।

# 12 हजार ग्रामीणों के साथ नक्सलियों की रैली

## 64 फीट ऊंचा स्मारक बनाया,तेलंगाना से पहुंचे एक करोड़ के इनामी; IG बोले-आश्चर्य की बात नहीं

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सरकार व अफसरों के नक्सलियों को रोकने के तमाम दावे फेल हो गए हैं। जिन नक्सलियों को बैकफुट पर बताया जा रहा था, वही तेलंगाना की सीमा पार कर छत्तीसगढ़ में घुस आए।



न केवल इन नक्सलियों ने पहली बार साथियों की याद में 64 फीट ऊंचा स्मारक बना दिया, बल्कि 12 हजार ग्रामीणों को साथ लेकर विशाल रैली भी निकाल दी। खास बात यह है कि इसमें 50 लाख से एक करोड़ रुपए तक के इनामी नक्सली शामिल थे। बावजूद इसके पुलिस और इंटेलिजेंस को खबर तक नहीं लगी।

दरअसल, नक्सलियों ने बस्तर में 3 अगस्त को शहीदी सप्ताह मनाया था। इस दौरान दक्षिण बस्तर के एक गांव में हजारों की संख्या में हथियारबंद नक्सली पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को एकत्र किया और 8 से 10 किमी तक रैली निकाल दी। इस दौरान नक्सलियों की टीम ष्टहरू यानी चेतना नाट्य मंडली ने बाकायदा नाच-गाना किया और नक्सल क्रांति के गीत गए। बताया जा रहा है कि करीब 12 से 15 साल बाद नक्सलियों ने बस्तर में इतना बड़ा आयोजन किया है।

नक्सलियों के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ और तेलंगाना इन दोनों राज्यों के माओवाद संगठन के टॉप लीडर्स भी शामिल हुए। नक्सलियों के साथ जिन ग्रामीणों ने रैली निकाली वे अपने साथ खाना बनाने के लिए बर्तन, राशन समेत अन्य सामान भी लेकर पहुंचे थे। लगभग 10 घंटे तक नक्सलियों का यह आयोजन चलता रहा। इस दौरान सभा भी हुई। इतने बड़े आयोजन का पता भी तब लगा जब नक्सलियों ने इसके वीडियो और फोटो खुद जारी किए।

### पिछले 8 महीनों से चल रही थी तैयारी

*सूत्रों के अनुसार, बस्तर के जंगलों में नक्सलियों के इस आयोजन को लेकर 8 महीने से तैयारी चल रही थी। बड़े लीडर्स ने दक्षिण बस्तर में सुकमा-बीजापुर इलाके में ष्ठत-तेलंगाना राज्य की सीमा के नजदीक एक जगह को निर्धारित किया। ग्रामीणों की मदद से मंच बनाया।*

### छत्तीसगढ़ में 36वें राष्ट्रीय खेल की तैयारियां प्रारंभ

**रायपुर ।** 36वां राष्ट्रीय खेल गुजरात में होने जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से विभिन्न खेलों में खिलाड़ी भाग लेंगे। राष्ट्रीय खेल का आयोजन आगामी सितंबर माह में होगा। राज्य के खिलाड़ी नेशनल गेम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके और अधिक से अधिक पदक जीत सकें।

नान वेयर हाऊस विवाद

# छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच ने लगाया आरोप

## पहले पुराने मजदूरों से ही काम लेने के समझौते का नाटक किया बाद में छल और बल से नये मजदूरों को गोदाम में घुसाया

**रायपुर ।** नान के गोदाम में पीडीएस खाद्यान्न के लोडिंग अनलोडिंग का नया टेंडर होने के बाद नये ठेकेदार ने पूर्व में 30-35 साल से इस कार्य को करने वाले 120 श्रमिकों को काम से हटा दिया और नये मजदूर लाकर काम चालू करने का प्रयास किया इसके विरोध में नान के मजदूर पिछले 5 दिनों से गोदाम के बाहर धरने पर बैठ गये थे, इस बीच श्रमिकों ने कलेक्टर दुर्ग से न्याय की गोहार लगाया और क्षेत्रीय विधायक अरूण वोरा से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया,

नान में श्रमिक विवाद के कारण पीडीएस के खाद्यान्न का परिवहन ठप्प हो गया था आज शासन प्रशासन द्वारा बल पूर्वक नये ठेकेदार के मजदूरों से लोडिंग अन लोडिंग कराने की जानकारी मिलने पर नान के श्रमिक बड़ी संख्या में नान के गोदाम के बाहर परिवार सहित धरने पर बैठ गये जिसके कारण शासन प्रशासन अपनी योजना में कामयाब नहीं हो सके, तब उन्होंने छल बल का सहारा लेते हुए श्रमिक प्रतिनिधियों को चर्चा करने के लिये आमंत्रित किया, श्रमिकों के प्रतिनिधि के रूप में छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच के संयोजक राजकुमार गुप्त, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के कलादास डहरिया, युवा स्वाभिमान मंच के पूरन साहू, कामता जायसवाल और देवलाल वर्मा तथा शासन प्रशासन की ओर से एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार प्रकाश सोनी, खाद्य नियंत्रक दीपांकर, नान के डीएम के अलावा पुलिस के अधिकारी शामिल थे चर्चा में इस बात की सहमति बनी की पीडीएस का काम पुराने मजदूरों से ही कराया जायेगा और बाकी चिल्हर काम पूर्व की भांति ही चलती रहेगी, इसकी घोषणा स्वयं एसडीएम ने आंदोलनरत मजदूरों के समक्ष किया, शासन प्रशासन पर भरोसा करके श्रमिकों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

स्टेट वेयर हाउस में हमालों ने किया जमकर बवाल:बाहरी मजदूरों को देखकर भड़क गए

# अधिकारियों से बोले-ठेकेदार से ठेका वापस लीजिए, पुलिस से झूमाझटकी

**दुर्ग।** स्टेट वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के दुर्ग स्थित गोदाम में पिछले एक सप्ताह से हमाल मजदूर अपने परिवार के साथ धरने पर बैठे हैं। शनिवार को एसडीएम दुर्ग और डीएम नान, पुलिस फोर्स के साथ धरना खत्म कराने पहुंचे। यह देख हमाल मजदूर भड़क गए। उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए ठेकेदार का ठेका रद्द करने की मांग की। कलेक्टर ने मजदूरों के प्रतिनिधि मंडल को एक बार फिर सोमवार को चर्चा के लिए बुलाया है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि नया ठेकेदार गोविंद राज नायडू



उन्हें काम से निकाल कर उनकी जगह बाहरी मजदूर रखना चाहता है। यहां के लगभग 100 से अधिक मजदूर और उनका परिवार एक सप्ताह से पंडाल तानकर वेयर हाउस के सामने धरने पर हैं।

# वन मंत्री अकबर ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया प्रोत्साहित

**रायपुर।** वन मंत्री तथा विधायक कवर्धा श्री मोहम्मद अकबर ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में वर्चुअल कार्यक्रम में 20 खिलाड़ियों को एक लाख रूपए की राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने इन खिलाड़ियों में से प्रत्येक को स्वेच्छानुदान मद से 5-5 हजार रूपए की राशि प्रदान की। वन मंत्री श्री अकबर ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव पहल की जा रही है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में खेल अधोसंरचना के



**खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की एक लाख रूपए की राशि**

विकास और मजबूती के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत और सतत् अभ्यास करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर वर्चुअल कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सर्वश्री जमील खान, नरेन्द्र देवांगन, चुनवा खान, सुशीला धुर्वे, मोहित माहेश्वरी, उत्तम गोप, संजय लांझी, संतोष यादव, सुनील साहू, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, हिरेश चतुर्वेदी, राजेश गुप्ता, बलदाउ चंद्रवंशी, देवा साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मौसम — ऑरेंज और यलो अलर्ट, बिजली गिरने की भी संभावना

# छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया रेड

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो रहा है। सिस्टम बनने से प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र यानी बस्तर संभाग के 7 जिलों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। कुछ जगहों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।



मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे, 48 घंटे और 72 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया है। 24 घंटे के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट, 48 घंटे के लिए ऑरेंज और रेड और 72 घंटे के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक भारी बारिश का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। दक्षिण क्षेत्र में बस्तर संभाग के 7 जिले आते हैं।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक मॉनसून द्रोणिका कोटा, रायसेन, रायपुर, दीघा और उसके बाद दक्षिण- पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की तक खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा झारखंड और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक फैली हुई है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और उससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र में गरज चमक के साथ भारी वर्षा भी होने की संभावना है।

### दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गरज चमक के साथ एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा भी होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा आगामी 24 घंटे, 48 घंटे और 72 घंटों के लिए रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। तीन दिनों की इस चेतावनी में बस्तर संभाग के सात जिले बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव, कांकेर व नारायणपुर शामिल हैं। वहीं मध्य छत्तीसगढ़ के धमतरी और गरियाबंद जिले शामिल हैं। राहत आयुक्त ने प्रदेश के लोगों को मौसमी घटनाओं से अपडेट रहने और सतर्कता बरतने को कहा गया है।

सरगुजा कलेक्टर अपने ही जनसंपर्क अधिकारियों से उलझे

# चेंबर में बुलाकर दुर्व्यवहार करने का आरोप, संघ ने सीएम से कार्रवाई की मांग की

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक कलेक्टर और जनसंपर्क अधिकारियों के बीच बड़ा विवाद हो गया है। प्रदेश में ऐसा पहली बार है कि कलेक्टर के प्रचार-प्रसार का ही काम देखने वाले डिपार्टमेंट ने उनके खिलाफ ही निंदा प्रस्ताव पारित कर दिया। आरोप है कि कलेक्टर ने जनसंपर्क अधिकारियों को कार्यालय में बुलाकर डांटा।

उनमें से एक अधिकारी को एसडीएम कार्यालय से अटैच कर दिया। अब छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कलेक्टर पर कार्रवाई करने की मांग की है। छत्तीसगढ़



जनसंपर्क अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया, सरगुजा में जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक दर्शन सिंह सिदार और सूचना सहायक सुखसागर वारे ने उन्हें एक पत्र लिखा है। इसमें बताया गया है कि कलेक्टर कुंदन कुमार ने तीन अगस्त को उन्हें अपने चेंबर में बुलाकर डांटा है। उन्होंने 2 अगस्त को महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के समाचार को गलत बताया। कलेक्टर का कहना था, यह समाचार साजिश के तहत जारी हुआ है। आरोप है कि कलेक्टर ने यहां तक कह दिया कि अगर उन्हें गुस्सा आ गया तो तुम दोनों कहीं दिखाई नहीं दोगे। बाद में कलेक्टर ने सूचना सहायक सुखसागर वारे को एसडीएम सीतापुर के कार्यालय से अटैच करने का आदेश जारी कर दिया। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने शनिवार को नवा रायपुर में एक बैठक की।

# रोजगार सृजन के मोर्चे पर रिक्ति और भर्ती में अटका युवा मन, शिक्षा में छाई सुस्ती के मायने

देश में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक तरफ भारी सुस्ती छाई है, दूसरी तरफ गंभीर व्यवस्थागत अराजकता है। यह स्थिति अपवाद से आगे निकलकर गैर-जिम्मेदार प्रचलन बन चुकी है। आंध्र प्रदेश में 1998 में जिला चयन समिति की परीक्षा पास करने वाले 4,500 उम्मीदवारों को अब जाकर सरकारी स्कूलों में बतौर शिक्षक नियमित नौकरी की पेशकश की गई है। नौकरी की आस में इन लोगों के कीमती 24 साल बेकार चले गए।

इसी तरह पटना के जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कई छात्रों के लिए स्नातक होने का इंतजार छह साल से भी लंबा है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार के 17 सरकारी विश्वविद्यालयों में से 16 ने अपने शैक्षणिक सत्र समय पर पूरे नहीं किए हैं। नतीजतन, ऐसे छात्र सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करने से चूक गए हैं। ऐसे विश्वविद्यालय शिक्षा का स्तर तो गिरा ही रहे हैं, बेरोजगारी भी बढ़ा रहे हैं। इस तरह की दुरावस्था और लेट-लतीफी के बीच लाभ कमाने का उपक्रम जारी है। भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। मामूली पदों पर भर्ती की तैयारी के लिए 1,000 से 4,000 रुपये, तो यूपीएससी की कोचिंग के लिए 1.5 से 2.5 लाख रुपये चुकाने पड़ते हैं। रजिस्ट्रेशन कराने का शुल्क भी आसमान छू रहा है। भारतीय रेलवे ने लगभग 2.41 लाख आवेदनों से आरआरबी-एनटीपीसी और ग्रुप-डी परीक्षाओं (2019) के लिए 864 करोड़ रुपये इकट्ठा किए।

जाहिर है कि जब तक कोई उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हो, तब तक उसकी जेब पूरी तरह ढीली हो चुकी होती है। रेलवे की नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 2019 में 1.3 लाख पदों के लिए ग्रुप-डी की अधिसूचना के बाद से इसकी परीक्षा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। यह एक करोड़ आवेदकों के लिए 1,000 दिनों तक सूने आसमान में टकटकी बांधकर देखने जैसा था।

दिलचस्प है कि रेलवे की परीक्षाओं में रेलगाड़ियों की तुलना में ज्यादा देरी देखी गई है। इसी साल जून में तिरुवनंतपुरम में सेना भर्ती परीक्षा आयोजित करने में देरी के खिलाफ उम्मीदवारों ने राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। शारीरिक और चिकित्सा




**व्यवस्थागत सुस्ती और अराजकता का आलम यह है कि परीक्षाओं के नतीजे आ जाने के बाद भी उम्मीदवारों को नौकरी नहीं मिलती। सीएपीएफ में (सितंबर, 2020 तक) एक लाख से ज्यादा रिक्ति यां थीं और ये ज्यादातर कांस्टेबल ग्रेड में थीं।**

परीक्षा पास कर चुके 2,000 अभ्यर्थियों के लिए यह एक लंबा और थकाऊ इंतजार था। इनमें से कई तो अब 23 वर्ष से अधिक के हैं और इनके लिए नौकरी का पहला प्रयास ही अंतिम साबित हो रहा है।

कर्नाटक की सरकार दो साल के अंतराल के बाद फिर से 2,60,000 रिक्तियों के लिए भर्ती करना चाह रही थी। पर वहां भर्ती प्रक्रिया में देरी हो रही है, क्योंकि सरकार प्रशासनिक सुधार आयोग-2 (एआरसी-2) की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। यह रिपोर्ट कुछ नौकरियां समाप्त करने का कारण भी बन सकती है। ऐसे में सवाल है कि नौकरी के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे लोगों को आखिर और कितना सब्र रखना होगा।

व्यवस्थागत सुस्ती और अराजकता का आलम यह है कि परीक्षाओं के नतीजे आ जाने के बाद भी उम्मीदवारों को नौकरी नहीं मिलती। सीएपीएफ में (सितंबर, 2020 तक) एक लाख से ज्यादा रिक्तियां थीं और ये ज्यादातर कांस्टेबल ग्रेड में थीं। इसके लिए 52 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया और आखिर में 60,210 नौकरियों की पेशकश की गई। रिक्तियों को पहले से न भरे जाने के बाद एसएससी जीडी, 2021 के तहत महज 25,271 पदों के लिए परीक्षा ली गई।

2018 के उन 4,295 उम्मीदवारों, जो पहले ही परीक्षा पास कर चुके हैं, पर कोई विचार नहीं किया गया। ऐसे उम्मीदवारों ने आयु-सीमा पार कर ली है और इनमें से किसी भी परीक्षा के लिए वे अब दोबारा आवेदन नहीं कर सकते। वे पैरों में पड़े छालों का दर्द सहते हुए अपने हक और इंसाफ के लिए नागपुर से दिल्ली के लिए पैदल मार्च कर रहे हैं। हम युवाओं को रोजगार देने के नाम पर लाभ कमाने की योजना नहीं चला सकते।

इसके लिए भी नीतियां बनाने की आवश्यकता है कि परीक्षा केंद्र और उम्मीदवार के स्थान के बीच की दूरी सीमित हो। इस सीमा को 50 किलोमीटर तक रखना बेहतर होगा। ऐसा न होने पर मुआवजे के तौर पर उम्मीदवार को यात्रा और ठहरने के खर्चों का भुगतान करना चाहिए। इसी तरह ऑनलाइन परीक्षाएं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जानी चाहिए।

इसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमीट्रिक उपस्थिति, क्लॉक रूम, पंखे, समुचित प्रकाश व्यवस्था जैसी सभी बुनियादी सहूलियतें होनी चाहिए। एक ही दिन कई परीक्षा होने की परेशानी दूर करने के लिए सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों की भर्ती परीक्षाओं का एक एकीकृत परीक्षा कैलेंडर प्रकाशित जारी किया जाना चाहिए।

सरकारी भर्ती के लिए केंद्र या राज्य सरकार के तहत प्रत्येक मंत्रालय को विभिन्न विभागों से अनुरोध करना चाहिए कि वे तय तिथि से तीन दिन के भीतर अपने यहां मौजूदा रिक्तियों की सूची तैयार कर उसे जमा कराएं।

वरुण गांधी

## संपादकीय

### आपदा में ऐसा अवसर

महंगाई से आम लोग परेशान हैं। लेकिन दुनिया की सबसे तेल कंपनियों के मुनाफे में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही है। कच्चे तेल की महंगाई से उनकी तिजोरी भरती चली जा रही है।

दुनिया इस समय महंगाई से परेशान है। इस बार खास बात यह है कि ये समस्या सिर्फ गरीब या विकासशील देशों में नहीं है। बल्कि विकसित दुनिया भी उतनी ही मुश्किल में है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की रिकॉर्ड महंगाई है। असर यह है कि यूरोप में घरों को गर्म करने के लिए मिलने वाली गैस में कटौती हो रही है, जबकि यूरोप से लेकर अमेरिका तक में परिवहन महंगा हो गया है। जाहिर है, इस महंगाई से आम लोग परेशान हैं। लेकिन इसी दौर में दुनिया की सबसे तेल कंपनियों के मुनाफे में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। कच्चे तेल की महंगाई से उनकी तिजोरी भरती चली जा रही है। गौरतलब यह है कि ये कंपनियां तिजोरी में आ रहे अरबों डॉलर का इस्तेमाल कारोबार बढ़ाने में नहीं कर रही हैं।

बल्कि उनका ध्यान अपने शेयरों के भाव बढाने पर है। तो हुई अधिक कमाई का इस्तेमाल ये कंपनियां शेयर बाई बैक करने में कर रही हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक सबसे बड़ी तेल कंपनियों- बीपी, शेवरॉन, एक्सन मोबिल, शेल और टोटलएनर्जीज को साझा तौर पर इस वर्ष की दूसरी तिमाहीमें 60 बिलियन डॉलर का मुनाफा हुआ। तो अतिरिक्त कमाई का कुछ हिस्से का कंपनियों ने अपना कारोबार बढ़ाने में निवेश जरूर किया, लेकिन ज्यादातर रकम शेयर बाइ-बैक में खर्च कर दी है। पांच बड़ी तेल कंपनियों ने इस वर्ष से जनवरी से जून के बीच 20 बिलियन डॉलर शेयर बाइ-बैक पर खर्च किए।

# महाविनाशक हथियार और आइंस्टीन, जीवन से चहकती-महकती धरती की गौरवगाथा

*हिरोशिमा और नागासाकी पर द्वितीय विश्वयुद्ध के वे परमाणु बादल मानव मस्तिष्क पटल पर किसी टैटू की तरह खुद गए हैं। धरती से उठकर आकाश को ढक देने वाले वे बादल मानव इतिहास के कदाचित सबसे भयावह दृश्य थे। दुनिया के राजनीतिक अखाड़ों में जब-जब युद्धों की पृष्ठभूमियां बनती हैं, तब-तब वे बादल मस्तिष्क पटल पर ऐसे उभरते हैं, जैसे कोई दु:स्वप्न साकार होने वाला हो!*

जिंदा धरती को भुतहा ग्रह में बदलने की विनाशलीला रचने की शक्ति रखने वाले छह और नौ अगस्त, 1945 के उन दो दृश्यों के गर्भ में एक फॉर्मूला छिपा था, जिस पर कदाचित ही हमारा ध्यान जाता है। उस समीकरण के जनक हैं बीसवीं शताब्दी के सुप्रसिद्ध भौतिकशास्त्री, नोबेल पुरस्कार विजेता, जन-जन के हृदयस्थल पर राज करने वाले तथा मानव मस्तिष्क में एक कौतूहल-सा पैदा करने वाले अल्बर्ट आइंस्टीन!

वह समीकरण है? , अर्थात, ऊर्जा = द्रव्यमान × (प्रकाश गति)2। पृथ्वी पर जीवन के लिए अनुकूलन निर्धारित करने वाले कारकों में सबसे प्रमुख है ऊष्मप्रवैगिकी, अर्थात थर्मोडायनामिक्स या उष्मागतिकी। थर्मोडायनामिक्स का पहला नियम कहता है कि ऊर्जा को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट; इसे केवल एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र में सौर ऊर्जा जैव रासायनिक ऊर्जा (प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से) में और बाद में ऊष्मा ऊर्जा (श्वसन के माध्यम से) में बदल जाती है। अल्बर्ट आइंस्टीन के विशेष सापेक्षता सिद्धांत का समीकरण इस तथ्य को व्यक्त करता है कि द्रव्यमान और ऊर्जा एक ही भौतिक इकाई हैं और इन्हें एक-दूसरे में बदला जा सकता है।




**हिरोशिमा के लोग तो आज तक मानते हैं कि लिटिल बॉय नाम से जो परमाणु बम हिरोशिमा पर गिराया गया था, उसके लिए आइंस्टीन का फार्मूला ही उत्तरदायी है। पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र में, जहां जीवन प्रक्रि याएं चलती हैं और जिससे संपूर्ण जैवमंडल का जीवन अक्षुण्ण रहता है, पदार्थ-ऊर्जा संबंध भिन्न प्रकृति का होता है।**

बीसवीं शताब्दी का यह सबसे प्रसिद्ध समीकरण (जिसके कारण हिरोशिमा और नागासाकी में महाविनाश हुआ और परमाणु रिएक्टरों का संचालन भी हुआ) सितारों की सतह पर और ब्रह्मांड में कहीं भी परमाणु प्रतिक्रियाओं में पदार्थ-ऊर्जा संबंध को प्रकट करता है। वास्तव में आइंस्टीन के फॉर्मूले ने ही परमाणु बम के निर्माण का सिद्धांत रचा था।

हिरोशिमा के लोग तो आज तक मानते हैं कि लिटिल बॉय नाम से जो परमाणु बम हिरोशिमा पर गिराया गया था, उसके लिए आइंस्टीन का फार्मूला ही उत्तरदायी है। पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र में, जहां जीवन प्रक्रियाएं चलती हैं और जिससे संपूर्ण जैवमंडल का जीवन अक्षुण्ण रहता है, पदार्थ-ऊर्जा संबंध भिन्न प्रकृति का होता है। किसी पारिस्थितिक तंत्र की दो बुनियादी और अनूठी विशेषताएं होती हैं ÷ एक-पदार्थ न तो उत्पन्न होता है और न ही नष्ट, और दो-ऊर्जा का संरक्षण होता है।

ऊर्जा और पदार्थ का यह जीवंत गठजोड़ केवल जैवमंडल में ही संभव है, जिसे आइंस्टीन का यह अमर समीकरण और मानव इतिहास में सबसे अधिक रोमांचित करने वाला फॉर्मूला छू तक न सका।

आइंस्टीन का ऊर्जा-पदार्थ समीकरण जहां कहीं भी नाभिकीय क्रियाएं चलती हैं, लागू होता है। प्रकाश पैदा करने वाली ब्रह्मांडीय क्रिया को आइंस्टीन ने ऐसे अभिव्यक्त किया कि वह मानव के हाथों में पड़कर विनाशकारी हो गई। हजारों महाविनाशक नाभिकीय हथियारों में भी आइंस्टीन का फॉर्मूला छिपा है। वैसे नाभिकीय ऊर्जा को विद्युत में बदलने वाले रिएक्टर में भी आइंस्टीन का फॉर्मूला छिपा है, पर इसके खतरे भी कम नहीं। किसी पारिस्थितिक प्रणाली में ऊर्जा-पदार्थ संबंध सृजन-विनाश चक्र से अवमुक्त है। अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के साथ प्रकाश का व्यवहार बदल जाता है, वह जीवन सृजन की भूमिका में आ जाता है।

वीर सिंह

## मिला जुला

# प्रदेश की खुशहाली के लिए किया जा रहा रूद्र महायज्ञ एवं अनुष्ठान

### भैरव बाबा मंदिर में पूर्णिमा को होगा सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक रुद्रा अभिषेक

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**श्रावण मास में प्रति दिन रतनपुर के सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर में देवाधिदेव महादेव का बिशेष पूजा पाठ कर दुग्धाभिषेक किया जा रहा है।**



**अब तक अस्सी हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंग का हुआ निर्माण**



उपरोक्त सम्बन्ध में भैरव बाबा मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि मंदिर में श्रावणी महोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे जो विश्वकल्याण एवं जन कल्याण के लिए मृत्युंजय देवता का विशेष पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। मन्दिर परिसर में अब तक हुए 80000 से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण श्रद्धालुजनों द्वारा किया जा चुका है वही नाग पंचमी के अवसर पर नमक चमक विधान से भगवान शिव की रुद्राभिषेक किया गया भैरव मंदिर में चल रहे श्रावणी महोत्सव जिसमें प्रतिदिन मध्यान्ह 3 बजे से लेकर 6 बजे तक निरंतर रूद्र यज्ञ सम्पन्न हो रहा हैं साथ ही रुद्राष्टाध्याई के विशेष मंत्रों से भगवान शिव को विशेष आहुतियां दी जा रही है। इस गौरव पूर्ण अवसर पर देश प्रदेश के श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर अपनी कामनाओं के लिए आयोजित अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य के भागी बन रहे हैं।

वहीं पं कान्हा तिवारी बताया कि 12 अगस्त को पूर्णिमा तिथि के दिन मिट्टी से बने सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का रुद्राष्टाध्याई नमक चमक विधान से वैदिक मन्त्रों के सस्वर वाचन वैदिक विद्वानों के श्रीमुख से एक साथ अभिषेक होगा। मन्दिर परिसर में बनाये जा रहे पार्थिव शिवलिंग तथा सम्पन्न हो रहे विभिन्न अनुष्ठान को संपन्न कराने में आचार्य गिरधारी लाल पांडे,पण्डित राजेन्द्र दुबे,महेश्वर पांडे,दिलीप दुबे,दीपक अवस्थी,सहित मन्दिर के सभी आमंत्रित वैदिक विद्वानों जुटे हुए है।

# प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठान को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा उकृष्ट गौठनों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है। कृषि विभाग ने उत्कृष्ट गौठानों के चयन के लिए बुनियादी ढ़ांचा, गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादन, विविध आजीविका एवं स्वावलंबन को आधार मानते हुए इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए हैं। बुनियादी ढांचा के अंतर्गत गौठानों में पानी, विद्युत, शेड, कोटना निर्माण, सोलर पम्पए फेंसिंग सहित जियो टैगिंग के लिए अधिकतम 7 अंक निर्धारित किया गया है। गौठानों में गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादन के अंतर्गत गोबर की सक्रिय खरीदी, मात्रा, सक्रिय गोबर विक्रेता, वर्मी टांकों की उपलब्धता, गोबर से कम्पोस्ट रूपांतरण का अनुपात, उत्पादन के विरूद्ध वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय एवं मानक नमूनों के प्रतिशत के लिए अधिकतम 71 अंक निर्धारित किए गए हैं। जबकि गौठानों में आजीविकामूलक गतिविधियों तथा महिला समूह के प्रति सदस्य की औसत आय पर अधिकतम 12 अंक तथा स्वावलंबी गौठान द्वारा गोबर क्रय हेतु किए गए भुगतान की किश्त संख्या के लिए अधिकतम 10 अंक निर्धारित है। उत्कृष्ट गौठान चयन के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर समिति गठित की गई है। जिसके द्वारा उत्कृष्ट गौठानों का चयन गोधन न्याय योजना पोर्टल जीमैप में प्रवेष्टि आंकड़ों के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुरूप करके निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट गौठान होंगे पुरस्कृत

### राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर गठित समिति करेगी उत्कृष्ट गौठानों का चयन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा उत्कृष्ट गौठनों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है। कृषि विभाग ने उत्कृष्ट गौठानों के चयन के लिए बुनियादी ढ़ांचा, गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादन, विविध आजीविका एवं स्वावलंबन को आधार मानते हुए इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए हैं। बुनियादी ढांचा के अंतर्गत गौठानों में पानीए विद्युत, शेडए कोटना निर्माण, सोलर पम्प, फेंसिंग सहित जियो टैगिंग के लिए अधिकतम 7 अंक निर्धारित किया गया है। गौठानों में गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादन के अंतर्गत गोबर की सक्रिय खरीदी, मात्रा, सक्रिय गोबर विक्रेता, वर्मी टांकों की उपलब्धता, गोबर से कम्पोस्ट रूपांतरण का अनुपात, उत्पादन के विरूद्ध वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय एवं मानक नमूनों के प्रतिशत के लिए अधिकतम 71 अंक निर्धारित किए गए हैं। जबकि गौठानों में आजीविकामूलक गतिविधियों तथा महिला समूह के प्रति सदस्य की औसत आय पर अधिकतम 12 अंक तथा स्वावलंबी गौठान द्वारा गोबर क्रय हेतु किए गए भुगतान की किश्त संख्या के लिए अधिकतम 10 अंक निर्धारित है। उत्कृष्ट गौठान चयन के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर समिति गठित की गई है।

# नपाध्यक्ष राशि महिलांग की मांग पर नगरीय प्रशासन मंत्री ने स्वीकृत किया 5 करोड़

### नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को जल्द दिया जायेगा वेतन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग एवं पार्षदों ने गुजरात से लौटे नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया से स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर मुलाकात की। और नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के दो माह से वेतन तथा फ़िल्टर प्लांट जल शुद्धिकरण हेतु आवश्यक सामग्री क्रय करने के लिए 5 करोड़ की मांग की गई। जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री ने तत्काल राशि की स्वीकृति दी है।





**पालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने मंत्री का जताया आभार**

नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, पार्षद शोभना यादव, कुमारी बाई देवार, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, कलार समाज के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिन्हा, सती चंद्राकर, पूर्व पार्षद दशोदा ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य गिरधर आंवड़े, पूर्व उप सरपंच डायमंड कोसरे, लता कैलाश चंद्राकर माना एयरपोर्ट पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया में मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा है। इस दौरान नपाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट के 227 कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन अप्राप्त है। जिनके समक्ष आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने यह भी बताया किए बेलसोंड़ा फ़िल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण के लिए एलम, ब्लीचिंग, चुना तथा हाइड्रोक्लोराइड राशि के अभाव में एजेंसी द्वारा सामग्री सप्लाई पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में नगर के 30 वार्डों में निवासरत करीब 80 हजार आवादी को महानदी से पेयजल आपूर्ति किया जाता है। जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉण् शिवकुमार डहरिया ने आवश्यकता की गंभीरता को देखते हुए तत्काल 5 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों ने नगरीय प्रशासन मंत्री डहरिया का आभार जताया है।

# 11 से 17 अगस्त तक जिले में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा स्वतंत्रता सप्ताह

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर, कार्यालय, प्रतिष्ठान सहित प्रमुख स्थलों पर सम्मान के साथ फहरेगा तिरंगा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आगामी स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु प्रत्येक घर,शासकीय, अर्धशासकीय और निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में भी सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा साथ ही विविध कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कलेक्टर रितेश कुमार




अग्रवाल के निर्देशन में जिले में हर घर तिरंगा अभियान की उत्साहपूर्वक तैयारी की जा रही है। जिले में महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से झण्डा संहिता द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ध्वज तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। समूह की महिलाएं ध्वज की सिलाई कार्य में सतत लगी हुई हैं। कलेक्टर कार्यालय में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित तिरंगा का स्टॉल के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है। साथ ही सभी जनपदों में कार्यक्रम की सफलता हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगर

**कलेक्टर ने जिले वासियों से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु अपनी-अपनी सहभागिता निभाने का किया आग्रह**

पंचायत बगीचा में टीम जय हो, नेहरू युवा केन्द्र,राजीव युवा मितान क्लब एवं रानी दुर्गावती महिला मंडल बगीचा के द्वारा लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार कुनकुरी नगर पंचायत में जनजागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए।



कलेक्टर अग्रवाल ने हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और बढ़ाने, मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता और राष्ट्रीयता की भावना संवर्धित करने हेतु सभी जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता निभाने एवं अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# अरविन्द, सेले, पीयूष और फ्रांसिस को मिला बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ

### अब तक जिले में 97693 पात्र हिग्राहियों को 11.83 करोड़ की राशि का छूट मिला है

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

दूरस्थ अंचल के किसानों को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना बिजली बिल हॉफ योजना से लाभांवित किया जा रहा है। विभाग द्वारा लोगों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही है और ज्यादा बिजली बिल संबंधी समस्याओं का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। योजना का लाभ उठाने वाले मनोरा विकासखंड के कुम्हारटोली निवासी अरविन्द तिग्गा को बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 1500 रूपए का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिमाह बिजली बिल



**बिजली बिल हाफ योजना का लाभ उठाने वाले हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद**

का समय पर भुगतान कर देते हैं। जिससे उनको समय पर लाभ मिल जाता है। बाजारडांड़ निवासी सेले को 370 रूपए छूट का लाभ मिला। आस्ता के फ्रांसिस मिंज को 881 रूपए का लाभ मिला है वे भी अपने बिजली बिल का भुगतान समय पर कर देते हैं। आस्ता बस्ती के पीयूष को भी बिजली बिल हाफ योजना के तहत् 222 रूपए का लाभ मिला है। सभी लाभ उठाने वाले हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए यह योजना लाभदायक है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के बिजली बिल उपभोक्ताओं को हॉफ बिजली बिल योजना से लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में घरेलू उपोक्ताओं की संख्या 160817 हैं जिसमें से योजना के तहत् 97693 पात्र हिग्राहियों को 11.83 करोड़ की राशि की छूट प्रदान की गई है।

# रायपुर से बरगढ़ तक नई रेल लाईन बनाने रेल मंत्री को राजा देवेन्द्र बहादुर ने लिखा पत्र

जोहार छत्तीसगढ-महासमुंद।

बेलसोंडा तुम गांव पिथौरा बसना और सरायपाली होकर बरगढ़ उड़ीसा तक रेल लाइन की 60 साल पुरानी मांग को लेकर बसना विधायक और छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष राजा देवेंद्र बहादुर सिंह एक बार केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर रेल लाइन की मांग दोहराई है। उन्होंने कहां है कि रायपुर से बरगढ़ के रेल लाइन से जुड़ जाने पर महासमुंद जिले के पिथौरा, सांकरा, बसना, सरायपाली और सोहेला उड़ीसा क्षेत्र के आम नागरिकों, व्यापारियों,पर्यटको एवं औद्योगिक



विकास और शिक्षा. स्वास्थ्य के साथ पूर्वी छत्तीसगढ़ व पश्चिमी उड़ीसा का आपस में सांस्कृतिक भाई चारा और आपसी संबंध को भी बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखित रेल लाइन बनने से रायपुर से दिल्ली मुंबई आदि मेट्रो सिटी की दूरी बरगढ़ संबलपुर 200 से 400 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसी प्रकार रायपुर से कोलकाता ओडिशा की ओर जाने वाली रेल लाइन के माध्यम से 150 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। पर्यटन की दृष्टि से विश्व धरोहर शिरपुर और बार नयापारा अभयारण्य से भी जुड़ा जा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि साल 2011-12 में छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा में रेल लाइन को लेकर ध्वनि मत से प्रस्ताव भी पास हो चुका है। रायपुर बरगढ़ रेल लाइन की मांग 1962 से की जा रही है। इस मांग को सभी के द्वारा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग और समर्थन दिया जा रहा है बावजूद इसके रेड लाइन का सपना आज भी जिले वासियों के लिए सपना ही बना हुआ है।

## एक नजर

### बाबा थाम सिरपुर में भव्य गंगा आरती की तैयारी पूरी

#### बाइक रैली भी निकलेगी, जगह-जगह होगा अभिनंदन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में रविवार को प्रात: 9 बजे बम्हनी बम्हनेश्वरनाथ से जल लेकर सिरपुर गंधेश्वरनाथ महादेव में जलाभिषेक किया जाएगा। वहीं रविवार की शाम सिरपुर में भव्य महा गंगा आरती का आयोजन सम्पन्न होगा। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर की पहल पर ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में पहली रविवार 7 अगस्त की शाम छह बजे से भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी व विद्वान पंडितों के सानिध्य में मुख्य यजमान संसदीय सचिव चंद्राकर द्वारा सम्पन्न होगा। गंगा आरती को लेकर गंधेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी सिरपुर,अतिरुद्रात्मक महायज्ञ समिति सिरपुर व बोलबम सेवा समिति द्वारा तैयारी की गई है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने गंगा आरती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

#### बाइक रैली का होगा जगह.जगह स्वागत

बम्हनी से सिरपुर तक निकली बाइक रैली का रास्ते में जगह.जगह स्वागत किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी की गई है। जानकारी मुताबिक सुबह 9 बजे के करीब बम्हनी से जल लेकर श्रद्धालुजन सिरपुर के लिए रवाना होंगे। बाइक रैली बम्हनी, परसट्ठी, बरोण्डाबाजार, मचेवा, गुरु गोविन्दसिंह उद्यान, बरोण्डाचौक, जनपद पंचायत, कांग्रेस भवन, अम्बेडकर चौक, एकता चौक, बेमचा, परसदा, कौंदकेरा, गाड़ाघाट, तुमगावं चौक, भोरिंग, जोबा, गढ़सिवनी, पीढ़ी, मोहकम, खड़सा, सेनकपाट होते हुए सिरपुर पहुंचेगी।

### छोटे बच्चों ने लिया राखी बनाओं प्रतियोगिता में हिस्सा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिथौरा के समीपवर्ती ग्राम जंघोरा स्थित राम दर्शन पब्लिक स्कूल मे आने वाले रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बच्चों को त्योहार का महत्व बताते हुए राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को चार भागों में करेज, ट्रूथ, इंटीग्रिटी, पीस विभाजित कर तथा सहयोगी के रुप में विद्यालय के समस्त शिक्षकों को बच्चों के मार्गदर्शन हेतु रखा गया। विद्यालय के समस्त छात्रों ने बहुत ही उत्साह एवं मुझे पूर्ण तरीके से अपना प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में फिल्म से करने की कला को बढ़ावा दिया गया। साथ ही राखी की डोर के माध्यम से भाई बहन रिश्ते को बताया गया इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न करने मे राम दर्शन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक समिति प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने अपना योगदान दिया।

### महासमुंद जिले में अब कोमाखान भी बना तहसील

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के तहसीलों में अब कोमाखान का नाम भी जुड़ गया है। दरअसल शासन ने कोमाखान को नया तहसील बना दिया है जो अब राजपत्र में भी शालिनी हो गया है। बागबाहरा तहसीलदार रमेश कुमार मेहता ने बताया किए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 13 की धारा 2 का प्रयोग करते हुए सचिव नीलम नामदेव एक्का ने सीमाओं को परिभाषित किया है। अब तीन सर्किलो के अंतर्गत 27 हल्का आएंगे। जानकारी के अनुसार राजस्व निरीक्षक मंडल मुनगासेर के पटवारी हल्का क्रमांक 26, 27,28, 29, 30, 31, 49, 52 और 53 के कुल 32 ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल कोमाखान के पटवारी हल्का क्रमांक 32, 33, 34, 35, 36, 38, 45, 46, 47, एंव 48 के कुल 55 ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल नर्रा के पटवारी हल्का क्रमांक 37, 39, 40,41, 42, 43 और 44 के कुल 32 ग्राम। इस तरह कुल 27 पटवारी हल्के 119 ग्राम नवीन तहसील कोमाखान में शामिल होंगे। नवीन तहसील कोमाखान की सीमाएं उत्तर में तहसील पिथौरा, दक्षिण में तहसील नुआपाडा, पूर्व में तहसील नुवापाडा और पश्चिम में तहसील बागबाहरा है। बताया गया है किए संभवत 15 अगस्त से यहां नवीन सेटअप प्रारंभ हो जाएगा।

### सहायक उपनिरीक्षक तीर्थराज गुणेंद्र की सड़क हादसे में मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

थाने की ड्यूटी से वापस लौट रहे सहायक उपनिरीक्षक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद रायपुर में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस घटना के बाद जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के खल्लारी थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक तीर्थराज गुणेंद्र शुक्रवार को थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर गए थे। देर शाम वापसी के दौरान मैं सड़क हादसे का शिकार हो गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद भी उनकी हालत लगातार बिगड़ने लगी जिसके बाद उन्हें रायपुर रिफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट गौठान होंगे पुरस्कृत'

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा इसके लिए कृषि विभाग द्वारा उकृष्ट गौठनों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 50.50 हजार रूपए का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शालए श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है। कृषि विभाग ने उत्कृष्ट गौठानों के चयन के लिए बुनियादी ढ़ांचाए गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादनए विविध आजीविका एवं स्वावलंबन को आधार मानते हुए इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए हैं। बुनियादी ढांचा के अंतर्गत गौठानों में पानीए विद्युतए शेड, कोटना निर्माण, सोलर पम्प, फेंसिंग सहित जियो टैगिंग के लिए अधिकतम 7 अंक निर्धारित किया गया है।

> * राज्य के तीन उत्कृष्ट गौठानों को 50-0 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि
> * प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठान को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार'

# नगर पंचायत कुनकुरी में कृष्ण कुंज निर्माण हेतु की जा रही आवश्यक तैयारियां

### कृष्ण कुंज के माध्यम से जीवनोपयोगी एवं सांस्कृतिक महत्व के वृक्षों को नगरीय क्षेत्रो में किया जाएगा सरंक्षित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कृष्ण कुंज के माध्यम से वृक्षारोपण को जन अभियान बनाने की सराहनीय पहल राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज विकसित किया जा रहा है। जहां आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वृहद स्तर जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण किया जाएगा। जशपुर जिले के सभी नगरीय निकाय में आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में कुनकुरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 में लगभग एक एकड़ की जमीन पर कृष्ण कुंज का निर्माण किया जा रहा है। जहां कृष्ण कुंज के चारों ओर फेसिंग व बाउंड्रीवाल का निर्माण सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। साथ ही





उक्त स्थल में विद्युत एवं पेयजल की व्यवस्था की भी तैयारी चल रही है। कृष्ण कुंज में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जन सहयोग के माध्यम से वृक्षारोपण किया जाएगा। जहां बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे मानव जीवनोपयोगी एवं सांस्कृतिक महत्व वाले पौधे रोपित किए जाएंगे। इस हेतु पौधों की आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। कृष्ण कुंज का मुख्य उद्देश्य जीवनोपयोगी एवं सांस्कृतिक महत्व के वृक्षों को नगरीय क्षेत्रों में सरंक्षित करना है। जिससे आने वाली पीढ़ियां इन पेड़ों की उपयोगिता को समझ सकें। इस कृष्ण कुंज के माध्यम से नगरीय क्षेत्रो में रहने वाले लोगों को पेड़ो एवं उनकी सांस्कृतिक महत्व एवं उपयोगिता के विषय मे जानकारी देते हुए पौधरोपण के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा।

### जेष्ठ नागरिक संघ में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

जेष्ठ नागरिक संघ इकाई रतनपुर द्वारा रायपुर में 16 जुलाई को जेष्ठ नागरिक फाउंडेशन छत्तीसगढ़ रायपुर का निर्वाचन संपन्न हुआए जिसमें सर्व सम्मति से चंद्रप्रकाश देवरस को लगातार तीसरी बार निर्विरोध रूप से प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। चूंकि देवराज इसके पूर्व भी अपने कार्यकाल के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के हित में तनमनधन से पूरी तरह समर्पित रहे हैं। तथा मां महामाया की नगरी रतनपुर में ही उनका बचपन गुजरा है। जिसके चलते नगर तथा यहां के लोगों के प्रति उनका विशेष लगाव बना हुआ हैए इसके अलावा देवेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष, विश्वनाथराव संयुक्त सचिव तथा रुद्र कुमार गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए है। जिसमें जेष्ठ नागरिक संघ इकाई द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों का जोरदार आत्मीय सम्मान नगर में किया गया।

# जिले में विशेष अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को नि:शुल्क लगाया जा रहा प्रिकॉशन डोज

### पूरे जिले में स्वास्थ्य टीम ने शिविर लगाकर एवं डोर टू डोर जाकर पात्र व्यक्तियों को लगाया जा रहा टीका

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कोविड से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को विशेष अभियान चलाकर नि:शुल्क प्रिकॉशन बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विगत 15 जुलाई से आगामी 75 दिनों अर्थात 30 सितम्बर 2022 तक सभी पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क टीकाकरण का प्रावधान है। अभियान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे लोग जिन्हें कोविड वैक्सीन का दूसरा टीका लगाए 6 माह या 26 सप्ताह पूर्ण हो चुके हैं। उन्हें कोविड



**कलेक्टर ने जिले के सभी पात्र व्यक्ति यों से कोविड अभियान को सफल बनाने हेतु टीका लगवाने हेतु की अपील**

टीकाकरण केन्द्रों पर पर प्रिकॉशन, बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। साथ ही 12 से 14 वर्ष के बच्चों को कोर्बिभेक्स वैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज तथा 15 से 17 वर्ष के बच्चों को को वैक्सीन का प्रथम व द्वितीय डोज लगाया जा रहा है। एवं किसी कारण से प्रथम या द्वितीय खुराक से वंचित व्यक्तियों को भी प्राथमिकता से टीका लगाया जा रहा है। इस हेतु दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों वनांचलो के बसाहटों, पारा, मोहल्ला, टोला में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में आज कोविड टीकाकरण हेतु महाभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर टीका लगाया गया है। साथ ही स्कूल, आश्रम छात्रावास, बैंक, बाजार हाट जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी मेडिकल टीम द्वारा लोगों को टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों के हेल्थ केयर वर्कस, फ्रंट लाइन वर्कस को गंभीरता से प्रिकॉशन डोज लगवाने के लिए निर्देशित किया है। इस हेतु सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है। उन्होंने जिले के सभी पात्र व्यक्तियों से टीका लगवाकर कोरोना से बचाव एवं कोविड अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाने की अपील की है।

# स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.शुक्ला एवं कलेक्टर क्षीरसागर बने विद्यार्थी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला आज शनिवार को महासमुंद जिले के एक दिवसीय दौरे पर आए। सबसे पहले उन्होंने महासमुंद विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा का आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। जहां स्कूल में शिक्षकों द्वारा कक्षाएं ली जा रही थी। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर के साथ कक्षा 12वीं के अंग्रेजी एवं भूगोल, कक्षा 11वीं के जीव.विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य एवं कक्षा 10 वीं के विभिन्न विज्ञान कक्षाओं में विद्यार्थियों के साथ बैठकर शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जा रहे शिक्षण प्रक्रिया से रूबरु हुए तथा शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाए जा रहे विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे। इस दौरान विद्यार्थियों ने बड़े



ही उत्साह पूर्वक प्रश्नों के जवाब दिए। उन्होंने स्कूल में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाने के शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों की तारीफ की। डॉ शुक्ला ने रसायन प्रयोगशाला, स्टोर रूम, लाइब्रेरी, अटल टिकरिंग लैब, वॉटर फिल्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने अटल टिंकरिंग लैब बंद मिलने, विद्यार्थियों को लाइब्रेरी से पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराने, प्रयोगशाला का नियमित उपयोग नहीं कराने, निर्धारित समय सारणी नहीं बनाने और व्यवस्था सही नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी एस चन्द्रसेन पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने स्टाफ रूम में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अव्यवस्था पर तत्काल सुधार करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में उपलब्ध शिक्षण सामग्रियों का विद्यार्थियों के लिए भरपूर उपयोग करें। जिसका उपयोग कर बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक स्तर में और अधिक वृद्धि हो और पढ़ाई में अधिक रूचि ले सके। नवाचारी शिक्षकों द्वारा भी बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए रचनात्मक तरीके से पढ़ाई कराएं। उल्लेखनीय है कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए राज्य के अधिकारियों को सभी स्कूलों में निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। इसके लिए 15 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव भी प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# विकासखण्ड खड़गवां में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## शिविर में विशेषज्ञों ने 74 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार, चिन्हांकित बच्चों का अनुबंधित अस्पताल में होगा निःशुल्क इलाज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत विकासखण्ड खड़गवां के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय चिरायु स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के संचालक व मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर चिरायु स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। विधायक डॉ. जायसवाल ने कहा कि राज्य शासन द्वारा चिकित्सा संस्थाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये स्वास्थ्य केन्द्रों का विस्तार किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत से अनुबंधित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के बाल हृदय रोग विशेषज्ञ, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ तथा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों का उपचार कर स्वास्थ्य परीक्षण किया, वहीं जिले के भी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में विभिन्न समस्याओं से ग्रसित बच्चों का उपचार किया। शिविर में 74 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार, चिन्हांकित बच्चों का अनुबंधित अस्पताल में होगा निःशुल्क इलाज शिविर में सभी विकासखण्डों के 12 चिरायु दलों द्वारा विभिन्न कैटेगरी के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के चिन्हांकित 74 बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। जिनमें ऑगनबाड़ी तथा विद्यालय में पंजीकृत न्यूरो सम्बन्धी समस्या से ग्रसित 07, जन्मजात हृदय रोग के 13, पैर विकृति के 01, क्लेफ्ट लीप एवं पैलेट 01, जन्मजात मोतियाबिंद 01, नेत्र रोग 10, अस्थि रोग 02, दन्त रोग 03, चर्म रोग 04, कुपोषित 16 बच्चों तथा अन्यरोगों से सम्बंधित 16 बच्चों का परीक्षण एवं उपचार किया गयाएसाथ ही विशेषज्ञों द्वारा



जरूरतमंदो को उच्च संस्था में जांच व आपरेशन हेतु चिन्हांकित किया गया है। सर्जरी हेतु चिन्हांकित किए गए बच्चों का अनुबंधित अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क इलाज कराया जायेगा।

## अमित यादव जनसेवक व भाजपा नेता ने शासकीय प्राथमिक शाला बिलाई पहुंच छात्र-छात्रों व शिक्षकों से की सौजन्य मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जनसेवक व भाजपा नेता अमित यादव ने शासकीय प्राथमिक शाला बिलाई पहुंचकर बच्चों व शिक्षकों से की सौजन्य मुलाकात जहां पर उपस्थित कक्षाओं में जाकर बच्चों को प्रधानमंत्री मोदी के ओर से हर घर तिरंगा आजादी की 75 वे वर्ष में अमृत महोत्सव मनाने के लिए सभी बच्चों को हर घर तिरंगा की उपदेश दिए जहां पर सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए हर घर तिरंगा भारत मेरा महान के उद्देश्य को लेकर आने वाले 15 अगस्त को आजादी की 75 वा वर्षा को



धूमधाम से मनाने का व अपने-अपने घरों चौक चौराहों सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए प्रेरित की वही भर्ती के लिए कक्षा छठवीं के छात्र को स्कूल कपड़ा का वितरण किया गया जहां पर पढ़ाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। वहीं शाला परिसर में मनाने जा रहे 15 अगस्त तक के लिए भी शाला परिसर का भी जायजा लिया वहीं बच्चों के मध्यान भोजन की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया जिसमें मुख्य रुप से शासकीय मीडिल स्कूल बिलाई के प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे जी चंद्रप्रभा साहू अनीता साहू यशोदा साहू व अन्य शिक्षक गण सहित सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।

# तुलसीदास की रचना रामचरितमानस श्वास की तरह प्रत्येक हिंदू परिवार का अभिन्न अंग - योगेश तिवारी

### आनंद गांव में आयोजित तुलसीदास जयंती समारोह में किसान नेता योगेश तिवारी हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेरला ब्लाक के से ग्राम आनंदगांव की पावन धरा में गुरुवार को संत शिरोमणि तुलसीदास जयंती समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि किसान नेता योगेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कवि और दार्शनिक तुलसीदास की रचना, आज चार सदी बाद भी भारतीय समाज के अंतर्मन और उसके सांस्कृतिक मनोवैज्ञानिक मानस का सर्वाधिक विश्वसनीय चित्रण है। हिंदी में कोई काव्य कृति इतनी लोकप्रिय नहीं हुई, जितना कि



तुलसीदास रचित रामचरितमानस। आज भी रामचरितमानस श्वास की तरह प्रत्येक हिंदू परिवार का अभिन्न अंग है। विशुद्ध अवधी में की गई कविताई घर-घर में बोली जाती है। रामचरितमास का पाठ होता है। साहित्य तो बहुत कुछ सृजित किया जाता रहा है। लेकिन बहुत कम चीजें इस तरह बरसों बरस भारतीय जनमानस में स्थायित्व पाती हैं। जैसा कि तुलसी के साथ दिखता है।

### तुलसीदास की रचनाओं पर कलाकारों ने बांधा समां

इस अवसर पर जय कृष्ण मानस मंडली आनंद गांव शिवशक्ति मानस मंडली तेलगा, जय दुर्गा मानस मंडली कोसपातरए आनंद मानस मंडली खर्रा, शक्ति संगम मानस परिवार भिम्भोरी के कलाकारों ने तुलसीदास की रचनाओं पर समा बांधा। कलाकारों ने भजन कीर्तन व रामचरित मानस की चौपाईयों को संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार मिश्रा मटका, व्याख्याकार राजेंद्र कुमार,सालिकराम वर्मा भिम्भोरी, पवित्र कुमार शर्मा आनंद गांव, भागवताचार्य विनय ताम्रकार बेरला, प्रसिद्ध तबला वादक मूलूराम वर्मा हरदी, बुधउराम साहू भरचट्टी उपस्थित थे।

## एक नजर

### कलेक्टर ने गादीरास क्षेत्र में कृषकों से मुलाकात कर फसल स्थिति का किया आंकलन

मैदानी भ्रमण कर खेतों का किया मुआयना



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

कलेक्टर हरिस एस ने गादीरास क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रामपुरम, माटेमरका, झलियारास सहित अन्य गांव में मैदानी भ्रमण कर फसल स्थिति का आंकलन किया। इस दौरान ग्राम के कृषकगण भी उनके साथ मौजूद रहे। कलेक्टर ने कृषकों से चर्चा की और खेतों को मुआयना भी किया। कृषकों ने बताया कि क्षेत्र में सूखे की स्थिति नहीं है। कुछ स्थानों पर



पूर्व में बारिश अधिक होने के कारण और खेतो में बारिश का पानी रुकने के कारण 3 से 4 प्रतिशत तक फसल नुकसान हुआ है। वर्तमान में खेतों में नमी और फसल की स्थिति अच्छी है। आगामी 15 अगस्त तक बारिश न होने की स्थिति में फसल नुकसान होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सभी जिलों में 60 प्रतिशत से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में फसल की स्थिति और सूखा प्रभावित क्षेत्रों का नजरी आंकलन करने के निर्देश दिए गए है। सुकमा जिले में कोंटा और गादीरास क्षेत्र में 60 प्रतिशत से कम औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर हरिस एस के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों तथा पटवारियों द्वारा क्षेत्र का मैदानी भ्रमण कर नजरी आंकलन किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्वयं मैदानी भ्रमण कर गादीरास क्षेत्र का नजरी आंकलन किया। इस दौरान तहसीलदार सुकमा, गादीरास प्यारेलाल नाग, उपचंचालक कृषि विभाग पीआर बघेल एवं संबंधित पटवारी उपस्थित रहे।

### जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में 15 स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू



**जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।** जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में 15 स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी है। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस पर बड़े ही धुमधाम से ध्वाजारोहण समारोह कार्यक्रम किया जायेगा। और उसकी तैयारी शुरू हो चुकी है सीआरपीएफ, जिला पुलिस, स्कूली बच्चों द्वारा सुबह निर्धारित समय से मार्चपास्ट परेड का अभ्यास जोरों से किया जा रहा है और बारिश में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर बच्चों में उत्साह भरपूर दिखई दे रही है।

# पर्वों को शांतिपूर्वक मनाने शांति समिति की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



अगस्त माह में विभिन्न पर्वों को आपसी भाई चारे और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। शांति समिति के सदस्यों ने अगस्त माह में होने वाले पर्व विश्व आदिवासी दिवस, मोहर्रम, रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी पर्वों को मिल जुल कर और सदभाव के साथ मनाने का निश्चय किया। जिला प्रशासन की तरफसे सभी सम्प्रदाय से त्यौहारों को शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई। अपर कलेक्टर ने किसी भी धर्म के खिलाफ विवादित नारा या स्लोगन का उपयोग करने से भी बचने की अपील सदस्यों से की। उन्होंने सभी पर्वों को शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए जिले वासियों से सहयोग की भी अपेक्षा की।

इस बैठक में समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक और अधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडे, सीएसपी योगेश साहू, अनुविभागीय अधिकारीगण सहित छत्तीसगढ़ माइनॉरिटी कमिटी, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा केसीडब्ल्यूकेएस, सुन्नी मुस्लिम जमात, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार समिति कोरबा के सदस्यों सहित शांति समिति के अन्य सदस्यगण भी मौजूद रहे। शांति समिति की बैठक में अपर कलेक्टर ने पर्वों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस विभाग को लगातार पैट्रोलिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हांकित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने को कहा। त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में देने की भी अपील की गई। साथ ही बैठक में जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन का आवश्यक सहयोग प्रदान करने शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई।



## कलेक्टर हरिस एस ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली

शिक्षा सत्र 2022-23 के सफल संचालन सहित अन्य बिंदुओं पर हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष सुकमा में शुक्रवार को कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शिक्षा विभाग सुकमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा सत्र 2022-023 के सफल संचालन सहित विभागीय योजनाओं पर समीक्षात्मक चर्चा की गई। इस बैठक में नितिन डडसेना, जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सुकमा सहित जिले विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, एफ एलएन टीम उपस्थित रहे। बैठक में वार्षिक कैलेंडर अनुसार विद्यालयों में अध्यापन कार्य सहित बच्चों में कक्षानुरूप माहवार लर्निंग आऊटकम की प्राप्ति के अनुसार कार्य करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही कलर ग्रेडिंग रिपोर्ट, प्रतिमाह संकुलवार एवं विकासखंड,जिला स्तर, हाई स्कू, हायर सेकण्डरी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा प्रतिदिन संकुल समन्वय द्वारा गुगल फार्म में निरीक्षण की जानकारी सबमिट करने पर जोर दिया गया साथ ही अनुपस्थित एंव लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अवैतनिक करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय स्तर पर प्रधान पाठक द्वारा समस्त पंजीयों का नियमित संधारण, बच्चों शिक्षकों का विद्यालय में शत-प्रतिशत समय पर उपस्थिति सहित कालखंड अध्यापन कार्य डेली डायरी संधारण।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


## ग्राम परपोड़ा मीडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिपुलिस अधीक्षक पंकज पटेल,, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में प्रति दिन पुरे जिले में बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति अभियान एवं चेतना अभियान के माध्यम से महिला शसक्तिकरण, महिला सुरक्षा,सायबर क्राईम एवं यातायात संबंधी जानकारी अभियान चलाया जा रहा हैं जिसके तहत् 05 अगस्त 2022 को चौकी देवकर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परपोडा मीडिल स्कुल में चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक टीआर कोसिमा एवं अन्य स्टाफ के द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में छात्र एवं छात्राओं को चेतना अभियान के माध्यम से महिलाओ एवं बालिकाओं पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सेल्फ डिफेंस, महिलाओं एवं बालिकाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी, एटीएम ठगी, ऑनलाईन ठगी, फेसबुक से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चो को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया तथा यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

# दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल लाईन निर्माण संघर्ष की मुलाकात

* रायपुर से बरगढ़ तक रेल लाईन बनाने की मांग * सांसद चुन्नीलाल साहू और पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल भी रहे मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

रायपुर से बरगढ़ के बीच नई रेल लाइन निर्माण हेतु अन्ततः रायपुर.बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन देने में सफलता मिल गई। इस हेतु पिछले 2 वर्षों से लगातार प्रयास किया जा रहा था किंतु कोरोना काल व राजनैतिक अस्थिरता के चलते रेलमंत्री से मिलना संभव नहीं हो पा रहा था। बिते बुधवार को महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू के नेतृत्व व सरायपाली के पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल के साथ समिति के सदस्यों द्वारा नईदिल्ली स्थित रेलभवन में रेलमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। रेलमंत्री वैष्णव ने ज्ञापन को गम्भीरता से लेते हुवे पुन सर्वे कराए जाने की बात भी कही। इस संबंध में रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति के समन्वयक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि उक्त रेल लाइन



### जिला व ओडिशा के विधायकों ने भी दिया समर्थन पत्र

निर्माण के लिए क्षेत्र की जनता विगत 1962 से संघर्षरत है। 2012 में सर्वे भी किया गया था। किंतु विभिन्न कारणों से यह योजना अधर में लटक गई। रेल सुविधा की गंभीरता व आवश्यकता को देखते हुवे सरायपाली, सोहेला व बरगढ़ के सक्रिय व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुन इसे आगे बढाते हुवे 2 वर्ष पूर्व रायपुर वरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति का गठन कर इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया। इस दौरान विभिन्न बैठकों का आयोजन कर इसे जन आंदोलन का रूप देने का प्रयास प्रारंभ भी किया गया। इस नई रेल लाइन निर्माण को महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू, क्षेत्रीय विधायकों में किश्मत लाल नंद सरायपाली, देवेंद्र बहादुर सिंह बसना, द्वारिकाधीश यादव खल्लारी, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, व ओडिसा के देवेश आचार्य बरगढ़, शुशांत सिंह,भटली सोहेला व जयनारायण मिश्रा संबलपुर,के साथ ही अनेक सामाजिक, राजनैतिक संगठनों बरगढ़ रेल उपभोक्ता संघ व विभिन्न संघ संगठनों द्वारा समिति को अपना लिखित समर्थन पत्र दिया गया। इस तरह लगभग 150 संघो का समर्थन इस समिति को मिल चुका है। इस संबंध में सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि रेल लाइन संघर्ष समिति द्वारा किये जा रहे प्रयास प्रसंशनीय है तथा वे भी इस रेल लाईन निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत थे। इस संबंध में उनके द्वारा ज्ञापन भी अश्विनी वैष्णव को विगत दिनों देते हुवे समिति के सदस्यों से मुलाकात किये जाने का समय भी मांगा गया था। जिसे स्वीकार करते हुवे 3 अगस्त को समय दिया गया । नियत तिथि को उनसे सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मुलाकात के दौरान सांसद साहू व समिति के सदस्यों ने विस्तार से जानकारी दी नई रेल लाइन हेतु बेलसोन्डा से पटेवा, तुमगांव, झलप पिथौरा, सांकरा, बसना सरायपाली सोहेला होते हुवे बरगढ़ तक सुविधाजनक रेलवे लाइन निर्माण की जानकारी नक्शे के माध्यम से दी गई। रेलमंत्री वैष्णव को बताया गया कि यह नई रेल लाईन निर्माण से रायपुर से हावड़ा व मुम्बई व्हाया बरगढ़ होते हुवे जहां सीधी लाइन जाएगी तो वहीं बिलासपुर जंक्शन में ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलने के साथ ही 50 किलोमीटर तथा भुवनेश्वर से रायपुर के बीच की दूरी 150 किलोमीटर कम हो जायेगी।

इसको गंभीरता से लेते हुवे रेलमंत्री ने दोबारा सर्वे कराए जाने का आश्वासन प्रतिनिधि मंडल को दिया। इसके साथ ही बरगढ़ जिला रेल उपभोक्ता संघ के सदस्यों ने जानकारी देते हुवे बताया कि वर्तमान में संबलपुर से पुरी इंटरसिटी एक्सप्रेस संबलपुर से संचालित है उसे आगे बढ़ाते हुवे बलांगीर से परिचालन किये जाने की मांग की गई। वही वर्तमान में विशाखापत्तनम से अमृतसर ट्रेन जो सप्ताह में 3 दिन भुवनेश्वर होकर संचालित है इसे यदि शेष 4 दिन टिटलागढ़, संबलपुर व बिलासपुर चलाये जाने की मांग की गई।



# बॉलीवुड का आभार जिसने मुझे खुले रूप से स्वीकार किया : सनी लियोनी

सनी लियोनी ने हिंदी सिनेमा में 10 साल की लंबी यात्रा के लिए बॉलीवुड का आभार जताया है और कहा है कि बॉलीवुड ने उन्हें खुली बाहों से स्वीकार किया और सिनेमा में करियर विश्वास दिलाता है कि कड़ी मेहनत हमेशा परिणाम देती है। अभिनेत्री ने बिग बॉस सीजन 5 के बाद जिस्म 2 के साथ अपना करियर शुरू किया। इसके बाद उन्होंने रईस में शाहरुख खान के साथ लोकप्रिय नंबर लैला में अभिनय किया। उन्हें कई अन्य फिल्मों के बीच वेब-सीरीज अनामिका में भी देखा गया।

अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा: जब मेरे पति डेनियल वेबर और मैंने पहली बार काम करना शुरू किया, तो हमने पहली कंपनी शुरू करने के लिए बैंकों से पैसे उधार लिए और इसे एक सफल उद्यम में बदल दिया। जब बॉलीवुड में आए तो यह मेरे करियर का अगला पड़ाव था। तब से यह एक अद्भुत यात्रा रही है। मैं विनम्र हूं। मेरे प्रशंसकों ने मुझ पर जो अद्भुत प्यार और समर्थन बरसाया है, उसने मुझे नई ऊंचाइयों को छूने में मदद की है। मैं उनके समर्थन के बिना ऐसा नहीं कर पाती। सिनेमा में मेरी यात्रा इस बात का विश्वास दिलाती है कि कड़ी मेहनत हमेशा परिणाम देती है। मुझे अपने जीवन से प्यार है और मुझे अपने काम से प्यार है। मेरे पास एक अद्भुत परिवार है, डैनियल एक अच्छा साथी है, तीन खूबसूरत बच्चे हैं, एक प्यारा घर है और एक करियर है जिसे मैंने एक साथ रखने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैं हर दिन काम करती हूं, कभी-कभी बिना किसी ऑफ के और मैं अपने काम से कभी संतुष्ट नहीं होती हूं। मैं आभारी हूं कि बॉलीवुड ने मुझे खुले हाथों से स्वीकार किया और मैंने एक ऐसी इंडस्ट्री में जगह बनाई जो केवल कुछ ही लोगों के लिए होती है।

# नीति मोहन को उम्मीद है कि 'इस बारिश में' का अनप्लग्ड वर्जन लोगों को पसंद आएगा



'इस बारिश में' के संगीत और गीतों के लिए अपार लोकप्रियता हासिल करने के बाद, शहीर शेख और जैस्मीन भसीन के रोमांटिक ट्रैक का एक अनप्लग्ड वर्जन सामने आया है। नीति मोहन द्वारा गाया और अभिनीत, गीत रिपुल शर्मा द्वारा रचित है और शरद त्रिपाठी द्वारा लिखा गया है।

नीति आने वाले गीत के बारे में उत्साहित है और कहती है कि यह संगीत प्रेमियों को पसंद आएगा और इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। गीत प्यार में पड़ने की भावनाओं को दशार्ता है और कैसे मानसून भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए एक आदर्श मौसम बन जाता है। सारेगामा द्वारा प्रस्तुत 'इस बारिश में' अब सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। नीति मोहन एक भारतीय पार्श्व गायिका हैं। यह कई फिल्मों और धारावाहिकों में अभिनय भी कर चुकीं हैं। नीति मोहन का जन्म 17 फ़रवरी 1979 को नई दिल्ली में हुआ था। उनकी दो बहनें हैं शक्ति और मुक्ति मोहन। दोनों ही फिल्म अभिनेत्री हैं। मोहन ने अपने करियर का डेब्यू कारण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर के गाने इसक वाला लव से की थी। यह गाना उस साल का हिट गाना था, और युवा वर्ग के तो जुबान पर चढ़ा हुआ था। मोहन का यह गाना उनके अब तक के करियर का सबसे सफल गाना है। उसके बाद नीति ने यशराज फिल्म्स के तहत फिल्म जब तक है जान के लिए जिया रे गाना गाया। यह गाना भी 2012 में सुपरहिट साबित हुआ था। वो इन दिनों गानों के कई अवार्ड समारोह में नामंकित भी हुई ओ उन्होंने कई अवार्ड्स जीते भी। उन्होंने एमटीवी शो में ए.आर रहमान के साथ भी स्क्रीन शेयर की। साल 2013 में नीति ने फिल्म नौटंकी साला के एक पंजाबी गाना गाया। मोहन ने अपने इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने पंजाबी बिलुल नहीं आती उन्होंने इस गाने के घंटो रिहर्ष किया तब जाकर उन्होंने गाना कम्प्लीट कर पायीं।

# अगले साल नो एंट्री 2 की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान खान

*नो एंट्री ने रिलीज होते ही सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया था। फिल्म में मस्ती और कॉमेडी का जबरदस्त डोज शामिल था। काफी समय से नो एंट्री 2 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म को फिर अनीस बाज्मी निर्देशित करेंगे। खास बात यह है कि इसमें सलमान खान भी फिर से दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। अब खबर है कि सलमान अगले साल जनवरी में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।*



रिपोर्ट के अनुसार, सलमान अगले साल जनवरी में नो एंट्री 2 के प्रोजेक्ट के साथ जुड़ जाएंगे। खबरों की मानें तो सलमान ने किच्चा सुदीप की फिल्म विक्रांत रोणा के प्रमोशन के एक इवेंट में अनीस को आमंत्रित किया था। सलमान ने इस कार्यक्रम में अनीस को नो एंट्री 2 के डेट्स पर चर्चा करने के लिए बुलाया था। इवेंट के बाद सलमान ने अनीस से कहा कि वह जनवरी, 2023 में नो एंट्री 2 की शूटिंग शुरू करना चाहेंगे। अनीस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन में लग गए हैं। उनके पास तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए साढ़े पांच महीने का वक्त है। अनीस का कहना है कि जनवरी में फिल्म की शूटिंग करना सबसे मुफीद समय होगा। जहां तक लोकेशंस की बात है, तो उन्होंने कहा कि वह इसकी शूटिंग बड़े पैमाने पर मुंबई और विदेशों में भी करेंगे।

# 11 अगस्त को जी5 पर आएगी आदित्य रॉय कपूर की फिल्म ओम



आदित्य रॉय कपूर की फिल्म राष्ट्र कवच ओम 1 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। आदित्य के अलावा संजना संघी, जैकी श्रॉफ, प्रकाश राज, और आशुतोष राणा जैसे कलाकार भी फिल्म की डूबती नैया को नहीं बचा पाए। कपिल वर्मा ने इसका निर्देशन किया है। अब मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट घोषित कर दी है। यह फिल्म 11 अगस्त को जी5 पर दस्तक देगी।

जी5 ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की डिजिटल रिलीज डेट का ऐलान किया है। जी5 ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, खतरा कितना भी बड़ा क्यों ना हो, उसका अंत ओम के हाथो लिखा है। सबसे शक्तिशाली योद्धा अपने राष्ट्र के लिए लड़ने के लिए तैयार है। जय भवानी! ओम 11 अगस्त को जी5 पर रिलीज हो रही है। साथ ही मेकर्स ने टीजर भी शेयर किया है, जिसमें आदित्य जबदस्त एक्शन में दिखे हैं। कमाई के मामले में ओम फिसड्डी साबित हुई है। इस फिल्म ने अब तक भारत में केवल सात करोड़ रुपये कमाए हैं। शुरुआत से ही फिल्म को कोई तव्वजों नहीं मिली।

## खेल

# बजरंग पूनिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता तीसरा मेडल

### सात साल की उम्र से कर रहे कुश्ती, पेरिस ओलिंपिक गेम्स में गोल्ड जीतना है टारगेट

बजरंग पूनिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना तीसरा मेडल जीता है। टोक्यो ओलिंपिक में बजरंग ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। बर्मिंघम से पहले 2018 में गोल्ड कोस्ट में उन्होंने 65 किलो वेट में गोल्ड जीता। 2014 ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। बजरंग ने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए 7 साल की उम्र में अखाड़े में दमखम दिखाना शुरू कर दिया था।




बजरंग का जन्म हरियाणा के झज्जर जिले के खुदन गांव में हुआ। उनके पिता भी पहलवान थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर तक नहीं पहुंच पाए, लेकिन बेटे को ओलिंपिक भेजने का सपना रखने वाले पिता ने बजरंग को 7 साल की उम्र में ही अखाड़े में कुश्ती के दांवपेंच सीखने के लिए भेजना शुरू कर दिया। बाद में, बजरंग सोनीपत में मौजूद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के रीजनल सेंटर पर ट्रेनिंग करने लगे। उनका परिवार भी सोनीपत शिफ्ट हो गया।

### 2013 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता पहला मेडल

बजरंग ने सीनियर लेवल पर अपना पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल 2013 में 60 किलोग्राम वेट कैटेगरी में जीता था। उन्होंने हंगरी में आयोजित इस टूर्नामेंट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 2018 में उन्होंने बुडापेस्ट में हुई वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनिशप में सिल्वर जीता। 2019 में भी नूर सुल्तान में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में बजरंग ने सिल्वर मेडल जीता।

### एशियन गेम्स में भी जीत चुके हैं दो मेडल

बजरंग दो बार एशियन गेम्स में मेडल हासिल कर चुके हैं। उन्होंने 2018 जकार्ता में 65 किलो वेट में गोल्ड जीता और 2014 इंचियोन में 61 किलो वेट में सिल्वर।

# अमित पंघल सेमीफाइनल में, बॉक्सिंग में भारत के चार पदक पक्के

**नई दिल्ली ।** भारतीय बॉक्सर अमित पंघल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खुद की जगह सेमीफाइनल में बना ली है। इसके साथ ही पंघल का कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए और एक और पदक जीतना लगभग पक्का है। इससे पहले वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन, नीतू गंघास और हुसामुद्दीन मोहम्मद ने सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के पदक पक्के किए। निकहत ने महिलाओं के 50 किलो वर्ग में वेल्स की हेलन जोंस को अंकों के आधार पर 5-0 से हराया। तीनों दौर में निकहत का पलड़ा भारी रहा और उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को आक्रामक होने का कोई मौका ही नहीं दिया।



दो बार की युवा गोल्ड मेडल विजेता नीतू (21 वर्ष) को 48 किलो चार्टरफाइनल के तीसरे और अंतिम राउंड में उत्तरी आयरलैंड की प्रतिद्वंद्वी निकोल क्लाइड के स्वेच्छा से रिटायर होने (एबीडी) के बाद विजेता घोषित किया गया जिससे देश का बर्मिंघम में पहला मुक्केबाजी पदक सुनिश्चित हुआ।

## एक नजर

# मनिका-साथियान के बाद श्रीजा-कमल की जोड़ी शीर्ष-16 में



**बर्मिंघम ।** मनिका बत्रा-साथियान ज्ञानसेकरन और अचंत शरत कमल-श्रीजा अकुला की मिश्रित युगल जोड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में गुरुवार को अपने-अपने शीर्ष-32 मैचों में विजय हासिल की। मनिका-साथियान ने पहले दौर के मैच में सेशेलेस के मिक क्री और लौरा सिनन को 3-0 से मात दी।

भारतीय जोड़ी ने सेशेलेस की टीम को 11-1, 11-3, 11-1 के सीधे गेमों में हराकर शीर्ष-16 में जगह बनायी।

दूसरी ओर, श्रीजा-कमल की भारतीय टीम ने नॉर्थर्न आइलैंड के ओवेन कैथकार्ट/सोफी अर्ली को 3-0 से मात दी। भारतीय जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंदियों को तीन गेमों के मैच में 11-7, 11-8, 11-9 से हराया।

इससे पहले, सनिल शेट्टी और रीत टेनिसन की मिश्रित युगल जोड़ी को मलेशिया के वॉन्ग ची शेन और टी एइ शिन के हाथों करीबी मुकाबले में 3-2 से हार मिली थी।

मलेशियाई जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को पांच गेमों के मैच में 6-11, 10-12, 13-11, 11-8, 8-11 से हराया था।

# जीत की दहलीज पर पहुंच कर हारीं हिमा दास

### कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में भारत के हाथ लगी निराशा

भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 की महिलाओं की 200 मीटर इवेंट में बड़ा झटका लगा है। भारत की नई उड़न परी हिमा दास फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। उनकी हार हर किसी के लिए दिल तोड़ने वाली रही, क्योंकि वो 1 या 2 सेकेंड से नहीं, बल्कि 0.1 सेकेंड के अंतर से फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। 200 मीटर के सेमीफाइनल में हिमा 23.42 सेकेंड के साथ तीसर नंबर पर रहीं। नामीबिया की क्रिस्टीन एमबोमा और ऑस्ट्रेलिया की एला कोनोली सेमीफाइनल 2 में टॉप 2 में रहते में फाइनल में पहुंचीं।

दरअसल महिलाओं के 200 मीटर वर्ग में 3 सेमीफाइनल हीट थी, जिनमें शीर्ष 2 और अगली दो सबसे तेज धाविकाओं ने फाइनल में जगह बनाई। दूसरे स्थान पर रहने वाली एला कोनोली ने 23.41 सेकेंड का समय लिया, जबकि हिमा ने 23.42 सेकेंड का समय लिया।



उन्होंने हीट में इतना ही समय लिया था। करीबी अंतर से मिली इस हार ने हिमा का फाइनल में दौड़ने का सपना तोड़ दिया, जिससे वो काफी निराश भी हैं। रेस पूरी होने के बाद उनके चेहरे पर निराशा साफ नजर भी आ रही थी।

### *हीट में नंबर 1 पर रहकर किया था क्वालिफाई*

*हिमा दास ने 200 मीटर रेस के सेमीफाइनल में हीट में नंबर एक पर रहकर क्वालिफाई किया था। उन्होंने हीट में 23.42 सेकेंड का समय लिया था। हालांकि फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें अपनी टाइमिंग को और बेहतर की जरूरत थी, मगर वो सेमीफाइनल में अपनी टाइमिंग को बेहतर नहीं कर पाई और इसका खामियाजा उन्हें भुगतना भी पड़ा।*

### काश मैंने पहले पावर हिटिंग पर काम किया होता

# तीसरे टी-20 से पहले बोले दिनेश कार्तिक- हवा में शॉट मारने से बचना होगा

टीम इंडिया के फिनिशर दिनेश कार्तिक का मानना है कि अमेरिका की हवा भारत के अनुकूल नहीं है। हवा का बहाव कुछ हद तक मैच को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में टीम के बल्लेबाजों को हवा में शॉट मारने से बचना होगा।

चौथे टी-20 मैच से पहले कार्तिक ने कहा कि ऐसे कई फैक्टर हैं जो मैच को आपके लिए कठिन बना सकते हैं। हवा एक बड़ा फैक्टर होगा। भले ही यह एक ऐसा खेल है, जो एक भारी गेंद के साथ खेला जाता है, पर गेंद हवा में कुछ समय तय करती है, जहां आप शॉट खेलते हैं। यह दोनों तरह से काम करता है। गेंदबाज चतुर हैं और वे आपको यथासंभव हवा में मारने के लिए मजबूर करने की कोशिश करते हैं।



जब उनसे पूछा गया कि आपने अपने गेम में क्या काम किया है? तो कार्तिक ने कहा- पावर हिटिंग। काश मैंने पावर हिटिंग में थोड़ा पहले काम कर लिया होता, लेकिन अभी सब अच्छा चल रहा है। बेहद खुश हूं, मैंने जीवनभर अपने लिए यही लक्ष्य रखा है।

### फिनिशर का कंसिस्टेंट रहना कठिन

फिनिशर की भूमिका पर वे कहते हैं कि एक फिनिशर का कंसिस्टेंट रहना कठिन है। जब आप अंदर आते हैं, तो आपको एक प्रभावी प्रदर्शन करने के लिए सक्षम होना चाहिए। जो टीम की मदद करे।

### इस समय टीम का माहौल सबसे अच्छा

टीम के माहौल पर कार्तिक बोले- मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा टीम वातावरण है जिसमें मैं निरंतर हूं और युवाओं को निरंतरता के कारण दे रहा हूं। सभी को एक जैसे नहीं आंका जा सकता है।

# घोषाल ने जीता ऐतिहासिक स्चश पदक



**बर्मिंघम ।** भारत के स्चाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने बर्मिंघम 2022 में इंग्लैंड के जेम्स विलस्ट्रोप को हराकर भारत को राष्ट्रमंडल खेलों का पहला एकल स्चाश पदक दिलाया।

घोषाल ने कांस्य पदक मैच में विलस्ट्रोप को 11-6, 11-1, 11-4 से मात दी। इससे पहले घोषाल का सामना सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के पॉल कोल से हुआ था जहां उन्हें हार मिली थी।

यह बर्मिंघम 2022 में भारत का पहला स्चाश पदक भी है। भारत अब तक इस आयोजन में पांच स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य सहित 15 पदक जीत चुका है।

# चराईडाड़ चौक में एक मात्र बोरिंग, देखरेख के आभाव में अगल बगल गंदगी का आलाम

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

विकास खंड दुलदुला के ग्राम पंचायत चराईडाड़ चौक में मात्र एक बोरिंग है और उस बोरिंग में आस पास के लगभग 40 घर आश्रित रहते हैं साथ ही चार होटल, सोमवार को बजार में होटल चलाने वाले व्यवसायी भी उसी बोरिंग से पानी भरते हैं तथा रोड़ में चलने वाले राहगीर भी उसी में पानी भरते हैं।



एक तरह से कहा जा सकता है कि चराईडांड़ चौक का वह प्राण दायिनी है पर ऐसा बोरिंग का भी देख रेख ग्राम पंचायत चराईडांड़ द्वारा नहीं हो रहा है बोरिंग एवं बोरिंग परिसर को देखने से तो ऐसा लगता है कि धीरे-धीरे बोरिंग धसते हुए जमीन के अन्दर जा रहा है उस बोरिंग के बगल में एक सोखता गढ़ा भी बना हुआ है लेकिन वह भी कोई काम का नहीं है उसमें पानी सुखता ही नहीं है चूंकि उसके अगल बगल का जमीन उंचा है और वह गढ़ा में बना हुआ है जिससे बरसाती पानी भी उसी गढ़े में जमा होता है अगल बगल का जमीन लगभग दो फिट उंचा है जिससे बोरिंग भी दो फिट निचे हो गया है बरसात जब होता है तो बोरिंग परिसर भी पानी से भर जाता है और पानी निकासी के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा है जिसे पानी बहाव हो सके हलाकि ग्राम पंचायत चराईडांड़ द्वारा बोरिंग के बगल से ही पूर्व में नाली निर्माण कराया गया है किन्तु नाली पुरी तरह मिट्टी बालू से भर गया है जिसका सफाई ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं कराया जाता है जिससे ग्रामीण काफ ी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग को जमीन के सतह से तीन फीट उपर उठाया जावे एवं बोरिंग परिसर को पाट कर अगल बगल के जमीन के बराबर किया जावे तथा नाली सफ ाई कराकर बोरिंग का पानी का निकासी के लिए नाली में जोड़ा जावे जिससे पानी बोरिंग परिसर में जमा होता है उसे निकाला जा सकता है नहीं तो गंदगी बोरिंग परिसर में ऐसा ही बना रहा तो कई बीमारी का भी जन्म ले सकता है शासन-प्रशासन को इसे संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध की मौत, एक महिला घायल

जोहार छत्तीसगढ़-कुनकुरी।

शाम को आकाशीय बिजली कहर बनकर गिरा। जिससे एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक महिला बेहोश हो गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कुनकुरी के ग्राम घटमुंडा की है। मिली जानकारी अनुसार शनिवार को निरबीतियुस किस्पोट्टा उम्र 60 वर्ष व सालोमी किस्पोट्टा उम्र 40 वर्ष प्रफुल्ल के खेत मे काम कर रहे थे।तभी शाम लगभग 5 बजे



बिजली चमकने व बारिश से बचने नवाटोली की ओर भागने लगे। इस दौरान खेत के ही मेड़ में गाज की चपेट में आ गये। जिससे घटना स्थल पर ही निरबीतियुस किस्पोट्टा ने मौत हो गई। वहीं सालोमी किस्पोट्टा घटना में बुरी तरह घायल हो गई। जिसे ग्रामीणों की मदद से संजीवनी 108 के मदद से उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

## एक नजर

# हर घर तिरंगा अभियानः महिला समूह तैयार कर रही झंडे

### कलेक्टर साहू ने अभियान की तैयारी के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ को सम्पूर्ण भारतवर्ष में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के लिए 11 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में जिले में अभियान के लिए तैयारी की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा को अभियान के लिए जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है।



महिला समूहों को भी अभियान से जोड़ा गया है। विकासखंडों में महिला समूह झंडे तैयार कर रही हैं। अभियान में नागरिकों की सहभागिता के साथ सभी शासकीय कार्यालयों व भवनों, उद्योगों, शैक्षणिक संस्थाओं में भी झंडा फहराया जाएगा। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार इसमें 10 हजार 583 पंचायत वार्ड, 886 उचित मूल्य की दुकानों, 3 हजार 141 स्कूल, 3 हजार 408 आंगनबाड़ी केन्द्र, 367 वन प्रबंधन समिति, 395 प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 117 बैंक शाखा, 192 आश्रम छात्रावास, 483 पटवारी व आरआई कार्यालय में झंडे फहराए जायेंगे। इसके साथ ही जिले के पुलिस थाना एवं चौकियों, सहकारी समितियों, धान खरीदी केंद्रों, जिले के उद्योगों व कॉलेजों में भी झंडा फहराया जाएगा। अभियान के लिए विविध प्रकार के आयोजन किए जायेंगे।

### अभियान का हिस्सा बनकर हैं उत्साहित

हर घर तिरंगा अभियान के लिए पुसौर में परी स्व-सहायता समूह की महिलाएं झंडे तैयार कर रही हैं। समूह की 4 महिला सदस्य इस कार्य में लगी हुई है। ये महिलाएं बताती हैं कि वे अभियान का हिस्सा बन कर काफी उत्साहित हैं।

# पेट्रोल डालकर ट्रांसपोर्टर का घर जलाने का प्रयास

**बिलासपुर** । सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के यदुनंदन नगर में रहने वाले ट्रांसपोर्टर के घर में पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना सामने आई है। पास ही लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक बोतल में पेट्रोल डालते और माचिस जलाकर आग लगाते नजर आ रहे हैं। हालांकि आगजनी की इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल सिरगिट्टी पुलिस आरोपियों के खिलाफजुर्म दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार यदुनंदन नगर स्थित गौर कॉलोनी में रहने वाले ट्रांसपोर्टर अनिल सिंह शुक्रवार रात घर के बाहर थे। उनकी पत्नी रेखा सिंह अपने बच्चों के साथ सो रही थी। सुबह 6 बजे उनकी नींद खुली तो उनके मकान के सामने के तीन गेट जल गए थे, साथ ही सीसीटीवी कैमरे का तार, प्लाई और अन्य सामान भी आग की चपेट में आ गए। जिसके बाद रेखा सिंह ने सिरगिट्टी थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच में जुटी पुलसि ने घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो उसमें तीन लोग बोतल में पेट्रोल डालकर आग लगाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पतासाजी कर रही है। रेखा सिंह के मुताबिक व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते कोयला व्यवसायी रामजीत सिंह के साथ ही बबलू सिंह, राजू सिंह, अजय सिंह ने उनके पति को धमकी दी थी। इस मामले में पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले है जिसके आधार पर जांच चल रही है। लेकिन अब तक आरोपियों को पकड़े नही गए है।

# ब्लास्ट फर्नेस एवं एसजीपी विभाग के कर्मवीरों को मिला शिरोमणि सम्मान

**भिलाई** । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस एवं एसजीपी विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन वर्क्स बिल्डिंग नं. 8 के प्रथमतल सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया।

अप्रेल से जून 2022 तिमाही के लिए प्रबन्धक आर जयराम को पाली शिरोमणि पुरस्कार एवं जुलाई 2022 माह के लिए मास्टर टेक्नीशियन चुन्नी लाल ठाकुर एवं पी जोतेश्वर राव को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य महाप्रबन्धक (लौह) तापस दासगुप्ता एवं मुख्य महाप्रबन्धक (ब्लास्ट फर्नेस) सौम्य तोकदार ने अपने-अपने सम्बोधन में सभी पुरस्कृत विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# संसदीय सचिव रेखचंद जैन बनाए गए आजादी का गौरव यात्रा के प्रभारी

**जगदलपुर** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पी एल पूनिया के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी ने विधानसभा स्तरीय यात्रा के लिए जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन को किया नियुक्त।

जिला कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस निकालेगी 75 किलोमीटर की पदयात्रा।

आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में दिनांक 9 अगस्त ( भारत छोड़ो आंदोलन दिवस ) से लेकर 14 अगस्त तक निकाली जाएगी आजादी की गौरव यात्रा।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे महान लोकतंत्र की नींव रखने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए एवं कांग्रेस द्वारा आजादी के आंदोलन में जो योगदान दिया गया है उसे याद करते हुए भारत छोड़ो आंदोलन दिवस 9 अगस्त से इस यात्रा का आयोजन आरंभ किया जाएगा जो की 14 अगस्त तक चलेगी इस यात्रा में पूरे विधानसभा क्षेत्र में 75 किलोमीटर की यात्रा निकाली जाएगी तथा यात्रा मार्ग में पड़ने वाले ग्रामों में विश्राम कर प्रातः प्रभातफेरी निकाली जाएगी और लोगों को आजादी के आंदोलन के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही भारत के गौरवशाली लोकतंत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 हेतु बूथ लेवल अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। इस विशेष पुनरीक्षण में पूर्व में जारी कुछ प्रक्रियाओं एवं प्रारूपों में संशोधन किए गए हैं। उक्त महत्वपूर्ण संशोधनों एवं प्रारूपों में परिवर्तन के संबंध में रायगढ़ तहसील अंतर्गत 153 बूथ लेवल अधिकारियों तथा सुपरवाइजरों को दो चरण में आज प्रशिक्षण दिया गया। जिला मास्टर ट्रेनर राजेश



डेनियल ने बताया कि इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि के दौरान पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण, सभी मतदाताओं के आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर एकत्रित करना, निर्वाचक नामावलियों विवरण तथा फोटो संबंधित त्रुटियों में सुधार, प्रारूप-1 से 8 की तैयारी आदि की जानी है। पुनरीक्षण की गतिविधियों में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 नवंबर 2022 को, दावा उपत्ति प्राप्त करने की अवधि 9 नवंबर से 8 दिसंबर 2022 तक, दावा आपत्ति निराकरण 26 दिसंबर 2022 तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 को किया जाएगा। आयोग द्वारा किए गए संशोधनों में फार्म 6,7,8 आदि में महत्वपूर्ण परिवर्तन, मतदाता परिचय पत्र का नया स्वरूप, बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अधिकाधिक प्रविष्टियां ऑनलाइन गरुड़ एप के माध्यम से किए जाने हेतु निर्देश सम्मिलित किए गए हैं। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स सर्वश्री संतोष चंद्रा, अनिल गुप्ता, विजय चौधरी द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उपस्थित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव ने उपचार संयंत्रों की पूर्ति बाबत सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



शासकीय अस्पताल पत्थलगांव में उपचार संयंत्रों की पूर्ति बाबत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव ने सौंपा ज्ञापन पत्थलगांव नगर स्थित शासकीय 100 बैड वाला अस्पताल में विगत दिनों से उपचार संयंत्रों की कमी होने के कारण मरीजों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसको ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मिंज से मिलकर प्रमुख विषयों को गंभीरता पूर्वक अवगत कराते हुए उन्हें आवश्यक संयंत्रों की पूर्ति बाबत ज्ञापन सौंपा। जिससे आगामी समय में मरीजों को किसी समस्या का सामना करना ना पड़े और उपचार सुचारू रूप से एवं सही तरीके से होता रहे गौरतलब हो कि पत्थलगांव व्यापारिक दर्जा प्राप्त कस्बा है जो अगल बगल छोटे बड़े सैकड़ों गांव को काम काज से लेकर चिकित्सीय सुविधाओं के लिए अधिकांस इससे आश्रित है कहने को तो पत्थलगांव सिविल अस्पताल 100 बैड वाला भव्य अस्पताल के ढांचे पर खड़ा है जिसकी तुलना में डॉक्टर के भी लाइन लगे है लेकिन कृतिम उपकरणों के अभाव के कारण लोगों के जांच नहीं हो पाने से लोगों को डॉक्टर के लाभ नहीं मिल पा रहा है और उन्हें अन्यत्र बड़े शहरों की ओर रुकसत होना पड़ता है जिससे लोगों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी के मार झेल से गुजरना पड़ता है। समस्या को देखते हुवे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा आज ज्ञापन सौप सभी विषयों को अवगत कराया गया। जिसमें संयोजक एवं जशपुर जिला विद्यार्थी विस्तारक रामेश्वर कश्यप,जशपुर जिला संयोजक गुलशन पाण्डेय,नगर मंत्री वीरेन्द्र यादव,नगर कार्यकारणी सदस्य भूपेन्द्र यादव,अमन गुप्ता एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रक्षा टीम ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**गरियाबंद** । रक्षा टीम के द्वारा बच्चों को जागरूक करने नई पहल जिला गरियाबंद पुलिस कप्तान जेआर0ठाकुर दिशा-निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर, उपपुलिस अधीक्षक निशा सिन्हा के मार्गदर्शन में रक्षा टीम द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद परिसर में जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही साथ विभिन्न खेलों का किया गया आयोजन। कार्यक्रम में स्कूल परिसर में करीब 300-400 छात्राओं व शिक्षकगणों की उपस्थिति में खेल-कूद का आयोजन किया गया , जिसमे चम्मच दौड़, मटका फोड़, रसा खींच, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता कराया गया। विजेता और उपविजेता को पुरस्कृत किया गया उक्त खेल में अधिक से अधिक बच्चे उत्साह के साथ भाग लिए। कार्यक्रम के दौरान रक्षा टीम नोडल उप पुलिस अधीक्षक निशा सिन्हा के द्वारा बच्चों को फ्लता के संबंध में अपना अनुभव शेयर किए। उन्होंने बताया कि आदमी की सफ्लता के पीछे गुरुजनों और परिवार वालों का अहम योगदान रहता है,

इसके अलावा पुलिस विभाग के अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया गया की आप कहीं भी हो अगर आपको कोई समस्या है तो एस ओ एस बटन को दबाएं और अपनी समस्या को लिखते हुए इस अभिव्यक्ति ऐप में शेयर करें जिससे आपको पुलिस विभाग के द्वारा तुरंत सहायता मिलेगी वही सभी छात्राओं को आगे-आने हेतु प्रेरित किया गया और बताया कि पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आगे लाना है। सामान्य ज्ञान की पढ़ाई के बारे में भी बताया गया बच्चों से प्रश्न पूछे गए प्रश्न के जवाब देने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया । साथ ही पास्को एक्ट साइबर क्राइम, रोड सेप्टी की भी जानकारी दी गई।

# आजादी के अमृत महोत्सव में नगर के हर घर में फहरेगा तिरंगा - गफ्फूमेमन

### नगर पालिका परिषद में सर्व समाज प्रमुख और प्रबुद्ध नागरिकों के मौजूदगी में हर घर झंडा अभियान को लेकर बनी रणनीति

**गरियाबंद** । आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर घर झंडा कार्यक्रम अभियान चलाया जाना है। इस अभियान को सफ्ल बनाने सरकार के साथ आम जनप्रतिनिधि भी सहभागिता निभा रहे है। नगर में इस अभियान की सफ्ल बनाने शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने नगर के सभी समाज प्रमुख, प्रबुद्ध नागरिकों और व्यापारियों की बैठक लेकर हर घर तिरंगा अभियान को सफ्ल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा की आजादी के अमृत महोत्सव में नगर के हर में तिरंगा झंडा फहराया जाए। यह देश के लिए समर्पण और राष्ट्रीय ध्वज के लिए सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा की हमारा लक्ष्य है कि नगर का हर घर, हर परिवार और हर नागरिक इस अतुल कार्य में उत्साह से शामिल हो और आजादी के अमृत महोत्सव में देश के लिए गर्व महसूस करे। इस अवसर पर उन्होंने सभी समाज प्रमुखों और प्रबुद्ध नागरिकों से इस अभियान को सफ्ल बनाने को लेकर सुझाव भी मांगे। साथ ही कहा कि देश के आजादी के 75 वर्षगांठ को समर्पित इस अभियान में सर्व समाज की सहभागिता होनी चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने यहां आए सभी लोगों को तिरंगा झंडा का वितरण भी किया और उनसे अपील भी की, वे इस अभियान को सफ्ल बनाने अपने अपने स्तर में लोगों को जागरूक करें और उन्हें भी अपने अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें।

# पहली बैठक में कलेक्टर रानू साहू ने दिए थे निर्देश

### 1 माह में प्राकृतिक आपदा भुगतान के 37 प्रकरणों का हुआ निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए उनके लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश कलेक्टर रानू साहू ने जिले में पदभार ग्रहण करने के साथ ही अपनी पहली बैठक में दिए थे।**

जिससे पीड़ित परिवार को शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि का उन्हें जल्द भुगतान हो। उनके निर्देश पर तेजी से अमल करते हुए पिछले 1 माह में प्राकृतिक आपदा के 37 प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है। इसमें पीड़ित परिवारों को 1 करोड़ 48 लाख की राशि का भुगतान जारी किया जा चुका है।

कलेक्टर साहू ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा था कि प्राकृतिक आपदा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाए। लंबित होने के कारणों के आधार पर निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिससे पीड़ित परिवारों को मुआवजे की राशि जल्द मिल सके। उन्होंने कहा कि कई बार परिवार से किसी का चले जाना अपूर्णीय क्षति होती है। इसकी तो भरपाई करनी मुश्किल है लेकिन हम अपने दायित्वों का निर्वहन कर उन्हे आर्थिक राहत प्रदान कर सकते हैं। कई बार ऐसी घटनाओं में घर के मुखिया का निधन हो जाता है, ऐसे में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। समय पर



मुआवजा राशि मिलने से परिवार को आर्थिक संबल मिल जाता है। कलेक्टर श्रीमती साहू ने समय-सीमा की बैठकों में प्रकरणों के निराकरण की लगातार समीक्षा की। जिससे लगभग 1 माह के समय में 37 प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया और परिवारजनों को 1 करोड़ 48 लाख की सहायता राशि जारी की गई है।

### विकासखंडवार ये रहा आंकड़ा

रायगढ़ जिले में आरबीसी 6-4 के तहत माह जुलाई एवं अगस्त 2022 में कुल 37 प्रकरण आये थे। जिसे कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में राजस्व विभाग द्वारा शत-प्रतिशत निराकरण कर दिया गया है। जिसमें माह जुलाई 2022 में अनुविभाग पुसौर में 2, खरसिया में 2, घरघोड़ा में 5 एवं धरमजयगढ़ अनुविभाग में 2 कुल 11 प्रकरण शामिल थे। इसी तरह अगस्त 2022 में रायगढ़ में 5, खरसिया में 1, बरमकेला में 2, सारंगढ़ में 8, घरघोड़ा में 1, लैलूंगा में 5 एवं अनुविभाग धरमजयगढ़ में 4 प्रकरण कुल 26 प्रकरण शामिल थे।

### इन परिस्थितियों में मिलती है सहायता राशि

*प्राकृतिक आपदा, नैसर्गिक विपत्तियों के कारण एवं गड्ढे में गिरने से मृत्यु होने पर, सर्प, बिच्छु, गुहेरा या मधुमक्खी के काटने, नदी, तालाब, बांध, कुआं, नहर, नाला में डूबने से अथवा नाव दुर्घटना एवं रसोई गैस का सिलेण्डर फटने, खदान धसकने, लू से मृत्यु हो जाने पर मृत व्यक्ति के परिवार के निकटतम व्यक्ति, वारिश को 4 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक आपदा से शारीरिक अंग हानि पर भी सहायता राशि देने का प्रावधान है।*

# आंगनबाड़ियों में मनाया जा रहा वजन त्यौहार

## गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को बच्चों को स्वस्थ रखने की दी जा रही जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बच्चों के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए जिले की आंगनबाड़ियों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मूल उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखना और 1 से 7 अगस्त तक मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह की जानकारी शिशुवती महिलाओं और उनके परिवार को देना है।




### 1.20 लाख बच्चों के वजन और ऊंचाई की होगी गणना

ताकि शिशु को पर्याप्त पोषण मिल सके और बच्चा सुपोषित हो सके। जिले के 3,408 आंगनबाड़ी मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। जहां हर दिन विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। जिसमें 1.20 लाख बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापे जाने का लक्ष्य है जिससे बच्चों में कुपोषण का स्तर पता लगाकर योजनाएं बनायी जा सकेगी। इस बार वजन त्यौहार में 0.5 की जगह 0.6 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। विदित हो कि आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को गर्भ में पल रहे शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है । विशेष रूप से ऐसी महिलाओं को तिरंगा थाली जिसमें तीन प्रकार की भोजन सामग्री होए साथ ही बेहतर पोषण बच्चे को कैसे मिलेगा और केंद्र से दिए जाने वाला पोषण आहार भी उनको दिया जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका द्वारा गृह भेंट के माध्यम से स्वस्थ माता और स्वस्थ शिशु के बारे में भी बताया जाता है।

वजन त्यौहार की जानकारी देते हुए चक्रधर नगर सेक्टर की सुपरवाइजर नेहा अग्रवाल ने बताया चक्रधर नगर सेक्टर के सभी 28 आंगनबाड़ियों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। विभाग से मिले कलेंडर के अनुसार प्रत्येक दिन अलग.अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। वर्तमान में चक्रधर सेक्टर में 0.6 वर्ष तक के 1,586 बच्चों के वज़न लेने का लक्ष्य है। वहीं अब तक 875 से अधिक बच्चों का वजन लिया जा चुका है। यहां 134 धात्री महिलाएं और 137 गर्भवती महिलाएं पंजीकृत है। इनका नियमित रूप से फॉलोअप भी किया जा रहा है।

इन गतिविधियों का मूल उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर रखना और उनके पोषण के स्तर में सुधार लाना है। आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाली गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को बच्चों को स्वस्थ रखने के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही स्तनपान को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है। शिशु के संपूर्ण विकास के लिए 6 माह तक सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए। बच्चों को स्तनपान की बजाय बोतल का दूध पिलाना सही नहीं है। क्योंकि मां का दूध बच्चे के लिए अमृत होता है। शिशु के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास और रोगों से लड़ने की ताकत शिशु को मां का दूध ही देता है। इसलिए जन्म के छह माह तक शिशु को सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए।

### पहली बार थर्ड पार्टी वेलिडेशन रूडीपीओ जाटवर

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बतायारू 1 से 13 अगस्त के बीच वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी 3408 आंगनबाड़ी मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। इस बार वजन त्यौहार में शासन द्वारा तृतीय पक्ष से सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत रायगढ़ जिले में 2 स्वयं सेवी संस्थाओं, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं यूनीसेफ के जिला स्तरीय दल द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लगभग 500 आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगभग 10,000 बच्चों के वजन तथा प्रक्रिया का सत्यापन एवं विश्लेषण किया जा रहा है। थर्ड पार्टी वेलिडेशन से न केवल सही एवं प्रमाणित आंकड़ों का संग्रहण हो सकेगा बल्कि सही पोषण स्तर का भी पता चल सकेगा। साथ ही पायी गयी कमियों को दूर करने का प्रयास भी किया जाएगा।

# वर्षों से जारी पत्थलगांव क्षेत्र में सांप रेस्क्यू का कार्य

## बचपन से इस काम में लगे हैं सुरेंद्र मलिक, हजारों सर्पों का अब तक किया सफल रेस्क्यू

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

नागलोक कहे जाने वाले जशपुर जिले के क्षेत्र में लगभग 40 प्रजाति के सांप पाए जाते हैं जिसमें खासकर करैत,नाग,चित्ती एवं वाइपर जैसे भी जहरीले सर्प इस इलाके में भारी तादाद में है जो आए दिन इलाके के घरों में रेंगती मौत बनकर विचरण करते हैं जिनके सफल रेस्क्यू के लिए जिले के कई युवा इस कार्य में लगे हुए हैं। जिसमें पत्थलगांव क्षेत्र के वार्ड 11 के सुरेंद्र मलिक भी हैं जो कई सालों से इस सांप रेस्क्यू के कार्य को अंजाम देते आ रहे हैं जिन्होंने अपने 16 वर्ष की ही उम्र से इस कार्य को करना शुरू कर दिया था जिनके पास न तो कोई औजार था और न ही कोई उपकरण जिसके बाद भी उनके अंदर सांप पकड़ने की कला शुरू से ही विकसित थी जो बिना उपकरण के ही हाथ से सांप पकड़ते आ रहे हैं एवं उन्हें पर्यावरण में छोड़ भी देते हैं जिससे पारिस्तिथिक संतुलन भी बना रहता है जिन्हें सांप पकड़ने की कला में महारत हासिल है जो पूरे क्षेत्र में कार्य के लिए जाने जाते हैं। सुरेन्द्र मलिक ने बताया कि अब तक उन्होंने हजारों सांपों का सफल रेस्क्यू किया है उन्होंने बताया कि आधुनिक युग मे अब सांप पकड़ने की स्टिक एवं अन्य यंत्र आ चुके हैं जो उनके पास भी है लेकिन पहले सिर्फ डंडे के सहारे इस काम को वो करते आ रहे हैं उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में जहां भी सांप घुसने की खबर उन्हें मिलती है वे तुरंत इसे समाजसेवा से जोड़कर देखते हैं एवं नि:स्वार्थ भावना से जाकर सर्प का रेस्क्यू करते हैं उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए कभी प्रशासनिक सहयोग भी नहीं मिलता है बल्कि जहां उनके द्वारा बड़ा रेस्क्यू किया जाता है वहां लोग उनके कार्यों को देखकर सहर्ष कई बार उनका सम्मान किया है जिस कार्य को लगातार वे निभाते आ रहे हैं और लगातार इस कार्य को करते रहेंगे क्योंकि इस क्षेत्र में आए दिन सांप से जुड़े मामले लगातार आते रहते हैं जिन्हें पकड़कर उन्हें जंगलों में रिलीज कर देते हैं।



# सर्व धर्म महिला कल्याण समिति ने आयोजित किया सर्व समाज समभाव सम्मेलन कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



स्वयं सेवी संस्था सर्व धर्म महिला कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा भीम राव अंबेडकर एवं मिनी माता के छाया चित्र पर पुष्प माल्य अर्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया तत्पश्चात समिति के गठन एवं उद्देश्य के बारे में चर्चा की गयी जिसमें व्यथित व पीड़ित महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार के समस्याओं के विषय में चर्चा की गयी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए योगिता शुक्ला के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया उसके उपरांत मंच में उदबोधन हेतु एस टी एस सी ओ बी सी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गुरुनाथ जांगड़े ने सर्व धर्म महिला कल्याण सामिति के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की वहीं महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण तथा सभी समाज की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिये शासन प्रशासन की योजनाओं से लाभान्वित कराने का संकल्प लिया तथा महासंघ का विस्तार करते हुए पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ट से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हेतु सर्व सम्मति से चंद्रप्रभा पटेल अधिवक्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के लिये पंकज लता यादव ओ बी सी प्रकोष्ठ के रायगढ़ जिला अध्यक्ष हेतु डॉक्टर कामता पटेल को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसटी,एससी,ओबीसी, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गुरुनाथ जांगड़े,प्रदेश सलाहकार प्यारे लाल जांगड़े, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष अंजना बंजारे,सजनी भारती प्रदेश प्रतिनिधि,अभिषेक शर्मा जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच जिला रायगढ़,सहदेव बोध, फादर जोब्बर की उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मियों तथा सर्प रक्षक समिति, स्व सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गयी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनुपमा दासे,गीतांजलि,सुषमा,जयंती,कल पना, दुर्गा,गणेशी, पुष्पा संगीता,ज्योति,खीरों बाई, रूबी,ममता, आदि अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

# अंतिम श्रावण सोमवार पर कोसमनारा बाबा धाम में भण्डारा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नगर की पावन तपोस्थली कोसमनारा बाबा धाम मे अंतिम श्रावण सोमवार पर 8 अगस्त को विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। बाबा के प्रिय व अनन्य भक्त रेडक्रॉस प्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया कि पूरे सावन माह में बालयोगी बाबा सत्यनारायण के दर्शन व शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए प्रसिद्ध तीर्थ का रुप ले चुके कोसमनारा मे अंतिम सोमवार के आयोजन को भव्य बनाने मे बाबा धाम समिति पूर्ण मनोयोग से जुटी हुई है। इससे पहले सावन के हर सोमवार को सत्यनारायण धाम मे भजन कीर्तन के बीच जलाभिषेक करते शिवभक्तों की भीड़ से पूरा क्षेत्र मेले की शक्ल लेता नजर आया है। भक्तों व कांवड़ियों के लिए बाबा धाम ट्रस्ट की ओर से सुविधाओं की भरपूर व्यवस्था की गई है जिसकी वजह से भारी भीड़ के बावजूद सत्यनारायण धाम मे कोई अप्रिय स्थिति नहीं बन सकी। इसी कड़ी मे गत गुरुपूर्णिमा बाबाजी के जन्मोत्सव अवसर के उपलक्ष्य मे 8 अगस्त सोमवार को कोसमनारा स्थित श्रीसत्यनारायण बाबाधाम मे सुबह 10 बजे से विशाल भण्डारा महाप्रसाद का वितरण शुरु किया जाएगा जो शाम तक जारी रहेगा। सत्यनारायण धाम समिति की ओर से तमाम श्रद्धालुओं से सपरिवार अंतिम सावन सोमवार पर कोसमनारा तपोस्थली पंहुचकर बालयोगी के दर्शन व भण्डारा महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित करने का अनुरोध किया गया है।



## एक नजर

### तीन तहसीलदार बदले, कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू ने तीन तहसीलदारों के कार्यभार में फेरबदल किया है। जिसके तहत सारंगढ़ के तहसीलदार लोमश कुमार मिरी अब रायगढ़ के तहसीलदार होंगे। वहीं रायगढ़ में पदस्थ तहसीलदार नंद किशोर सिन्हा को पुसौर तथा पुसौर के तहसीलदार शनि पैकरा को सारंगढ़ का तहसीलदार बनाया गया है।

### बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण 8 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के लिए 8 अगस्त 2022 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16 रायगढ़ (शहरी) मतदान केंद्र 01 से 113 तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)एवं बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण होगा। यह प्रशिक्षण दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक पंजरीप्लांट ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया है। नगर निगम रायगढ़ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने सभी बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### दो दिनों से लापता शख्स की तलाब में मिली लाश

**कोरबा** । पिछले दो दिनों से लापता दर्री थानांतर्गत अयोध्यापुरी बस्ती निवासी अशोक गुप्ता की स्याहीमुड़ी स्थित एजुकेशन हब के पीछे तालाब में लाश मिली है। अशोक की मौत कैसे हुई है फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दर्री थानांतर्गत अयोध्यापुरी बस्ती निवासी अशोक गुप्ता पिछले दो दिनों पहले दोपहर में घर से निकला था, जिसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। परिजन आसपास खोजबीन कर रहे थे किंतु काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चल सका. शनिवार की सुबह तालाब में एक लाश मिलने की सूचना पर जब परिजन वहां पहुंचे तब अशोक की मृत्यु का पता चला। लाश मिलने की सूचना मिलते ही दर्री पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकालकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि अशोक मूल रुप से दिल्ली में रहता था। उसकी पत्नी की दिमागी हालत सही नहीं होने के कारण वह अपने ससुराल में ही दो बच्चों के साथ रहता था और मजदूरी का काम कर रहा था।

### मंत्री का फर्जी पीए बनकर ग्रामीणों से वसूली,आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर** । खुद को मंत्री का पीए बताकर ग्रामीणों से सरकारी काम कराने के एवज में पैसे मांग रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शासकीय नंबर प्लेट का उपयोग निजी कार में फर्जी तरीके से कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 02 5034 से एक व्यक्ति ग्राम केसारी के सेवानिवृत्त शिक्षक रामखेलावन के घर पहुंचा है। वह आस-पास के लोगों को मंत्री का पीए बताते हुए सरकार काम कराने की बात कह रहा है। एक ग्रामीण के सीसी रोड के लिए प्रस्ताव भेजने की बात पर उसने कुछ नहीं हो पाने की बात कहते हुए पंचायत मंत्रालय से सप्ताहभर के भीतर स्वीकृत करा देने की बात कही। लेकिन इसके लिए तुरंत 25 हजार रुपए की मांग की। ग्रामीण उस पर विश्वास कर 25 हजार रुपये दे दिया। जब वह जाने लगा तो दूसरे ग्रामीण को गाड़ी नंबर को देख उसके फर्जी होने की आशंका हुई। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस द्वारा मामले की पतासाजी की गई तथा जांच उपरांत आरोपी शशिकांत तिवारी के विरूद्ध प्रर्याप्त सबूत पाये जाने के बाद आरोपी की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से नगदी 27 हजार रुपए, एक मोबाइल और 19 फर्जी तरीके से प्राप्त दस्तावेजों एवं कार को जब्त कर लिया गया है।

### स्टेट बैंक में चोरी का प्रयास

**कोरबा** । भारतीय स्टेट बैंक की करतला शाखा में शुक्रवार रात चोरों ने पीछे के गेट का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। चोरों ने लॉकर रूम के दरवाजे को कटर से काटकर चेस्ट रूम तक पहुंच गए, लेकिन लॉकर को तोड़ नही पाये। और वहां से फरार हो गये। चोरों ने पकड़े जाने के डर से जाते-जाते वे अपने साथ बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर अपने साथ ले गये। घटना की सूचना पर करतला थाने को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। अरोपियों पकडने् के लिए खोजी डॉग बाघा को भी बुलाया गया है।

# पोषण के महत्व को समझाने और महिलाओं को जागरूक करने रथ हुआ रवाना

## शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल और कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।




छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल और कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टेट परिसर से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्यौहार में जनजागृति के लिए 2 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरुकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में 'जम्मो लईका होही खुशहाल चलव मनाबो वजन त्यौहार' सूत्र वाक्य के साथ 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर वजन कराने के लिए प्रेरित करेंगे और पोषण का महत्व समझाएंगे। बोर्ड के अध्यक्ष श्री पटेल और कलेक्टर ने अपील की है कि सभी लोग वजन त्यौहार के दौरान अपने 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर उनके कुपोषण स्तर की जांच कराएं। इससे हम बच्चों को एक स्वस्थ और खुशहाल भविष्य दे सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण मिशन अभियान अंतर्गत कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें पोषण आहार देकर शत प्रतिशत सुपोषित बनाना है। वजन त्यौहार के माध्यम से महिलाओं को जागरूक भी करना है। उन्होंने कहा कि गर्भवती और एनीमिक महिलाओं की जांच कर उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों में गरम भोजन नियमित रूप से देना है। इसके साथ ही अण्डा और केला भी देना है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में एक अगस्त से वजन त्यौहार शुरू हो गया है। यह त्यौहार 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान आंगनबाड़ियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उनके पोषण स्तर का आंकलन किया जा रहा है। प्रदेशव्यापी इस अभियान में जांजगीर-चाम्पा जिले के 2278 आंगनबाड़ी में यह अभियान बच्चों में कुपोषण मुक्ति के लिए आगामी कार्ययोजना बनाने में सहायक होगा। वजन त्यौहार के दौरान जागरूकता रथ सभी जिलों और गांव-गांव तक पहुंचेंगे। स्थानीय स्तर पर ये रथ लोगों के इकट्ठा होने की जगहों जैसे हाट बाजारों, आयोजन स्थलों में जाकर उन्हें पोषण के महत्व और कुपोषण से होने वाली बीमारियों और समस्याओं के बारें में ऑडियों संदेश और पोस्टर के माध्यम से समझाएंगे।

# ड्राइंग के माध्यम से देव किरारी शाला के बच्चों ने जाना पर्यावरण संरक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

युथ पीस फाउंडेशन अकलतरा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला देव किरारी में स्वच्छता अभियान के तहत वृक्ष के महत्व के बारे में तीसरा कार्यक्रम की गई। इसके पहले शाला परिसर में बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया था।





इस अभियान के तहत टीम ने सभी बच्चों से चित्रकारी, प्रत्यक्ष संवाद, अनलिमिटेड कहानी आदि के माध्यम से बच्चों को वृक्ष के महत्व के बारे में जागरूक किया। उसके बाद सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण व महत्व के सम्बन्ध में ड्राइंग बनवाया गया। अच्छे ड्राइंग बनाने वाले बच्चे को युथ पीस फ़ाउंडेशन द्वारा प्रथम इनाम दुर्गेश्वरी कश्यप कक्षा पांचवी द्वितीय वासु सिंह कक्षा चौथी तृतीय इनाम राधिका चौहान कक्षा पांचवीं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। युथ पीस फ़ाउंडेशन टीम द्वारा भारत के कई राज्यों में विभिन्न स्कूलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है मानवता व शांति की संस्कृति विकसित करना इसके लिए संस्था नियमित रूप से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है साथ ही शांति शिक्षा कार्यक्रमों के द्वारा कॉलेजों सरकारी एवं निजी संस्थानों आदि में भी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत हैं। फाउंडेशन की इस पहल को शाला की प्रधानपाठिका, शिक्षक शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल कश्यप, सदस्यों एवं पालक जनों ने सराहा और विभिन्न अभियान में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल कश्यप द्वारा किया गया।

# आमापाली में की गई चक्काजाम आश्वासन के बाद खुला





जोहार छत्तीसगढ़ – धरमजयगढ़।

सुबह 11 बजे आमापाली बस स्टैंड के पास चक्काजाम किया गया था। आश्वासन मिलने के बाद खोल दिया गया है।

सर्व आदिवासी समाज द्वारा सप्ताह भर पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें सड़क, बिजली, हाथी द्वारा नुकसान की मुआवजा सहित अन्य समस्याओं को लेकर आमापाली के पास मुख्य मार्ग में आर्थिक नाकाबंदी करने की बात कही गई थी। जिस पर 11 बजे रायगढ़ रोड एवं बोजिया रोड को बंद कर दिया गया। जहां शांति व्यवस्था बनाने पहले से ही पुलिसकर्मी तैनात थे। चक्काजाम की खबर लगते ही तहसीलदार मौके पर पहुंच गए। वहीं लोक निर्माण विभाग उपयंत्री, वन परिक्षेत्राधिकारी, एई विद्युत विभाग भी अपने कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। जहां आंदोलनकारियों से तहसीलदार ने कई बार चर्चा की लेकिन बात नहीं बनी। तीन घण्टे जाम के बाद हड़तालियों एवं अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। जिसमें आश्वासन मिलने के बाद चक्काजाम खोल दिए। तीन घंटे तक चक्काजाम होने से दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई थी। चक्काजाम में कई यात्री बस भी फंसे हुए थे।

### सप्ताह भर में मांग पूरी करने का मिला आश्वासन- सिदार

**आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिदार ने बताया कि सड़क की हालत खराब है वहीं ओवरलोड तेज रफ्तार दौड़ती भारी वाहनों के कारण परेशानी और बढ़ गई है। क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं, वहीं हाथी द्वारा हुए नुकसान का सही मुआवजा नहीं मिलने जैसी समस्या को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की गई थी। जो अधिकारियों के आश्वासन के बाद नाकेबंदी खोल दी गई। अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर मांग को पूरी करने का आश्वासन दिया है। यदि तय तिथि तक मांग पूरा नहीं होता है तो आगामी दिनों में लाव लश्कर के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।**

# बेसहारे को दिया सहारा,अनाथ बच्चे को पहुंचाया बिरहोर आश्रम

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है जैसा शब्द आज चरितार्थ होते देखने को मिला। जब एक अनाथ बच्चे को बिरहोर आश्रम पहुंचाया गया। जहां विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने उस बच्चे की पढ़ाई लिखाई करवाने की बात कही। 6 अगस्त की सुबह मुनुन्द यात्री प्रतीक्षालय में रोते भीगते ठूठरते 9 साल के मासूम बच्चे को एमटी सुकांति राठिया द्वारा देखने पर एसपीएस धरमजयगढ़ सुकवारा साहू को उक्त बालक की स्थिति से अवगत कराई। जिसके बाद बच्चे को अपने साथ बस में बैठा कर धरमजयगढ़ ले आई। बच्चे ने अपना नाम गजाराम चौहान पिता पिता स्वर्गीय अमरसिंह चौहान निवास ग्राम गिरारी बताया। जिसे एसपीएस धरमजयगढ़ के पहल से विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसआर सिदार एवं थाना प्रभारी विजय पैंकरा को बच्चे की जानकारी दी गई। जिस पर बच्चे को बिरहोर आश्रम में रखकर उसके लिए रहन सहन के साथ शिक्षा के उचित प्रबंध की बात कही गई। बच्चे को यहां तक पहुंचाने में खलिस्ता एक्का, भुनेश्वर श्रीवास, चित्रसेन पटेल का सहयोग मिला।

# डस्टर कार में सराई चिरान रखकर ग्राहक तलाश कर रहे दो व्यक्ति लिए गए हिरासत में

जोहार छत्तीसगढ़–खरसिया।

5 अगस्त को मुखबीर द्वारा चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम को सूचना दिया कि मौहापाली चौक बायपास रोड खरसिया पर खड़ी डस्टर वाहन में सरई लकड़ी का पल्ला लोड है, लकड़ी को गाड़ी में रखकर दो व्यक्ति लकड़ी बिक्री के लिए आसपास ग्राहक तलाश कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ बाईपास रोड पर घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया एक व्यक्ति अपना नाम धनेश भारद्वाज पिता मयाराम भारद्वाज उम्र 30 साल निवासी भिखमपुरा सारंगढ़ हाल मुकाम नवापारा थाना छाल तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम लच्छन सतनामी पिता साधराम शांडिल्य उम्र 31 साल निवासी सारसमार थाना छाल बताया लकड़ी के संबंध में पूछताछ करने पर लच्छन बताया कि उसने गांव के जंगल से सरई पेड़ को



काटकर लकड़ी का पल्ला चिरान बनाकर ग्राम सारसमार जंगल में छिपाकर रखा था और लकड़ी को बिक्री के लिए धनेश भारद्वाज से बात कर उसके डस्टर वाहन में लेकर खरसिया बिक्री के लिए लाए थे । दोनों के कब्जे से वाहन में लोड 22 नग सराई लकड़ी का चिरान कीमती करें 14,800 एवं पुरानी डस्टर वाहन छ्त्र 13 ड्ड 2864 कीमत 5 लाख रुपए जुमला ?5,14,800 का जप्त किया गया। दोनों के कथनों से सराई लकड़ी चोरी की संपत्ति के संदेह पर डस्टर वाहन मय चिरान धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर जप्त कर माल वन परीक्षेत्र अधिकारी खरसिया के सुपुर्दअग्रिम कार्यवाही के लिए दिया गया । आरोपियों की घेराबंदी रेड कार्यवाही में चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम के साथ प्रधान आरक्षक मनोज मरावी, महेंद्र खरे, शंकर क्षत्रिय, अशोक देवांगन, आरक्षक साविल चंद्रा, सोहन यादव, कीर्ति सिदार, सुरेंद्र पटेल, त्रिभुवन सिदार, गंगा यादव की अहम भूमिका रही है।

# सड़क निर्माण में ठेकेदार कर रहा लाखों का गोलमाल

जोहार छत्तीसगढ़–कुनकुरी।





जशपुर जिले में भ्रष्टाचार का आलम अपनी चरम सीमा पर है यहां भ्रष्टाचार का नंगा नाच हो रहा है भ्रष्ट अधिकारी से लेकर भ्रष्ट कर्मचारी अब किसी की नहीं सुनते बस किसी भी तरीके से भ्रष्टाचार को अपने फायदे के लिए अंजाम देने पर तुले हुए हैं। जशपुर जिले के किसी भी विभाग को जाकर देखे तो सब के सब एक ही थाली के चमचे नजर आएंगे। जी हां मामला है जशपुर जिले के कुनकुरी से लवाकेरा तक बनने वाली सड़क का अक्टूबर 2021 में कार्य प्रारंभ हुआ लगभग 41 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होना था 60 करोड़ रूपए में बनने वाली सड़क ठेकेदार की मनमानी के कारण और उनका साथ देने वाले अधिकारी के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई अब रोना और मरना आम जनता को है। कुनकुरी लवाकेरा मार्ग छत्तीसगढ़ को उड़ीसा से जोड़ती है इस सड़क पर हजारों गाडियां चलती है लेकिन सड़क का यह हाल कर दिया है ठेकेदार और भ्रष्ट कर्मचारी ने मिलकर। इस सड़क पर छोटी गाड़ियों का चलना अब दुभर हो गया है आए दिन इस सड़क पर हादसे हो रहे हैं सड़क पर निकले बड़े बड़े बोल्डर गाड़ियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं मगर प्रशासन का क्या वह भी आंखों में पट्टी बांध कर घी पी रहे हैं। उनको जनता को हो रही परेशानियों से कोई मतलब नहीं बस ठेकेदारों की गुलामी अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं। कुनकुरी लावकेरा सड़क 60 करोड़ रूपए में बनने वाली सड़क पर गुणवत्ता विहीन निर्माण जब शुरू हुआ तो कुनकुरी विधायक यूडी मिंज द्वारा कई बार शिकायत भी किया गया कई बार जांच होने के कारण कई बार काम रुक गया मगर जांच अधिकारी लगता है जांच कर चांदी की चम्मच लेकर गुणवत्ता रिपोर्ट दे कर चल दिए। कुनकुरी लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एलके भोई साहब जनाब का कहना है कि हमारे उच्च अधिकारी मीडिया से बात करने मना किए हैं हम आपको सब कुछ बता सकते हैं लेकिन कैमरे के सामने नहीं सच ही कह रहे हैं साहब अब कैमरे के सामने बोलने को कुछ बचा ही नहीं आंखों में पट्टी बांध कर हाथों में चांदी का चम्मच लेकर बाल्टी भर घी जो पी रहे हैं साहब। बहरहाल मामला भ्रष्ट अधिकारी और ठेकेदार से जुड़ा हुआ है सुनने में आता है कि ठेकेदार की पहुंच बहुत ऊपर तक है वहा तक हमारे विधायक की भी पहुंच काम नहीं करती और आम जनता का क्या वह तो भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाना भी उचित नहीं समझती।

# लवाकेरा के जनता में दिखा आक्रोश स्टेट हाईवे में चक्का जाम कर किये आंदोलन,तीन दिन तक ब्लैक आउट से थे परेशान

जोहार छत्तीसगढ़–फरसाबहार।

जशपुर जिले के नागलोक से प्रसिद्ध फ रसाबहार के लवाकेरा के कुछ गांव में चल रहे ब्लैक आउट से वहां की जनता बहुत परेशान थे जिसके कारण आज जनता ने अपना आक्रोश दिखाते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ लावाकेरा में सैंकड़ों लोग जमा हुए और स्टेट हाइवे को जाम कर दिया।



काफ ी देर तक बिजली विभाग के खिलाफ नारे लगाते रहे। ग्रामीणों के चक्का जाम के क्रम में बीजली विभाग के अधिकारी को लेकर एसडीएम शबाब खान फ रसाबहार और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। और लवाकेरा के लोगों की समस्या को सुने। ग्रामीणों का आरोप है कि लावाकेरा से लगे तीन चार गांव में पिछले तीन दिनों से बिजली कट है और बिजली विभाग का आलम यह है कि कोई भी कर्मचारी या अधिकारी फोन नहीं उठाते। तब एसडीएम के द्वारा ग्रामीणों को बहुत जल्द व्यवस्था ठीक करने का आश्वासन दिया गया और विद्युत विभाग के अधिकारी को उन्होंने कहां की इनकी समस्या का निवारण जल्द से जल्द किया जाये और यदि लोगों के द्वारा दुबारा शिकायत अति है तो फिर मैं अपने स्तर पर निपटूंगा। ग्रामीणों ने कहा कि आज तो महज सांकेतिक जाम था। अगर व्यवस्था मद सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

*** इस संबंध में जनता को आश्वासन देते हुए कहा आप लोगों की जो भी समस्या है उसका निवारण जल्द से जल्द हो जाएगा और उन्होंने ये भी कहा कि अंकिरा क्षेत्र के लाइन मैन को क्वार्टर में रहने की व्यवस्था किया जाएगा। और साथ ही अंकिरा सब स्टेशन में स्टाफ बढ़ाने की बात कही है।**

**सहायक अभियंता**
**कांसाबेल प्रदीप पैंकरा**

# लैलूंगा में कथित डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।

थाना लैलूंगा के मर्ग क्रमांक 128/2021 धारा 174 CrPC की मृतिका इरफा खान पिता नबाव खान उम्र 07 साल निवासी शांतिनगर लैलूंगा के जांच पर बुखार से तड़प रही बालिका इरफा खान को चेक कर इंजेक्शन लगाने वाले कथित प्रायवेट डाक्टर तिरथो राम प्रधान पर गैर इरादतन हत्या का मामला पंजीबद्ध किया गया है जिसके इंजेक्शन लगाने उपरांत बालिका के मुंह, नाक से झाग निकलने लगा था ।




मर्ग जांच दौरान मृतिका के पिता बताया कि दिनांक 01.11.2021 को सबेरे सोकर उठा तो लडकी इरफा खान को काफी तेज बुखार था । तब पडोस में रहने वाले तिरथो राम प्रधान निवासी ग्राम केनापारा जो लैलूंगा शांतिनगर में रहकर प्रायवेट ईलाज करता है, उसके घर ले जाकर लड़की को दिखाये । तिरथो लड़की को चेक कर उसे तीन इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद लडकी इरफा खान का तबियत और खराब होने लगा, लड़की बाथरूम गयी, बाथरूम से निकलने के बाद उसके मुंह, नाक से झाग निकलने लगा । तब तिरथो राम प्रधान बोला कि लडकी का ज्यादा तबियत खराब हो रहा है, चलो अस्पताल ले चलते है। तुरंत सीएचसी अस्पताल लैलूंगा गए । डॉक्टर लड़की को चेक कर मृत्यु हो गया है बताया । जांच दौरान तिरथो राम प्रधान के घर आसपास रहने वाले बताये कि तिरथो राम नस, हड्डी फैक्कर आदि का आयुर्वेदिक तरीके से ईलाज करता था, डिग्रीधारी था या नहीं इसकी जानकारी नहीं है । आरोपी तिरथोराम प्रधान शांतिनगर के निवास और ग्राम केनापारा दोनों स्थान से फरार है, पतासाजी किया जा रहा है ।

## एक नजर

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला हुई अचेत,इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़– धरमजयगढ़।



आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला अचेत हो गई। जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया है। अचेत महिला जानकी बाई यादव पति लीलाधर यादव उम्र 45 वर्ष झुलनबर निवासी अपने पति के साथ खेत में काम करने गई थी। जहां बारिश होने पर दोनों घर वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में आकाशीय बिजली गिरने से जानकी बाई चपेट में आ गई। जहां बेहोश होकर गिर पड़ी। तब परिजनों घटना की जानकारी 112 को दी। जिसपर 112 में आरक्षक संतलाल पटेल एवं चालक ने ततपरता के साथ महिला को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला की इलाज जारी है। बता दें कि दोपहर धरमजयगढ़ क्षेत्र में गरज के साथ झमाझम बारिश हुई है।

# अच्छी वर्षा की कामनाओं के लिए केंदाटिकरा में होगी झुला रथ यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।

रायगढ़ जिले के सुदूर आदिवासी बाहुल्य अंचल लैलूंगा के ग्राम पंचायत रूडूकेला के ग्राम – केंदाटिकरा में इन दिनों क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति की अलख जगाने तथा क्षेत्र में अनम चैन व शांति सौहार्द एवं अच्छी वर्षा की कामना करने की परंपरा लगातार पिछले 21 वर्षों से चली आ रही है जहाँ प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकास खण्ड लैलूंगा के ग्राम पंचायत रूडूकेला के आश्रित ग्राम केंदाटिकरा में झुला रथ का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें लैलूंगा क्षेत्र सहित आसपास के गाँव के सभी भक्त प्रेमी सज्जनों से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य के भागी बनने हेतु आमंत्रित किया गया है । जिसमें कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है 7 अगस्त 2022 दिन रविवार को प्रात = 8 बजे प्राकृतिक वर्षा के देव भगवान इंद्रदेव की पूजा अर्चना एवं दोपहर समय 2 बजे झुला रथ यात्रा प्रारम्भ तथा रात्रि समय 7=30 बजे भजन – पूजन एवं आरती के पश्चात संगीत मय गाहक – बाहक कार्यक्रम, वहीं दिनांक 08 अगस्त 2022 दिन सोमवार को प्रात= 6 बजे कार्यक्रम की समापन की घोषणा एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। जहाँ लैलूंगा ही नही सभी क्षेत्र के लोग अच्छी वर्षा की कामनाओं के लिए भारी संख्या में उपस्थित होकर उपरोक्त मांगलिक कार्य को सफल बनाने महान कृपा करें । सभी प्रभु प्रेमी बन्धु बान्धओं के के लिए ग्राम केंदाटिकरा के समस्त ग्रामवासियों की ओर से सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई है । उक्ताशय की सूचना स्थानीय प्रेस क्लब लैलूंगा को हुरदानन्द पटेल ने जानकारी दी ।

# भाजपा नेता डॉ. खरे ने सभी क्षेत्र वासियों को हर घर झंडा लगाने की दी संदेश

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी के ओर से हर घर तिरंगा आजादी की 75 वे वर्ष में अमृत महोत्सव मनाने के लिए सभी क्षेत्र वासियों को हर घर तिरंगा की उपेक्षा दिए जहां पर सभी नवागढ़ क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए हर घर तिरंगा भारत मेरा महान के उद्देश्य को लेकर आने वाले 15 अगस्त को आजादी की 75 वा वर्षा को धूमधाम से मनाने का व अपने–अपने घरों चौक चौराहों सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए प्रेरित की।

# शिवभक्तों को किया गया प्रसाद वितरण

**गरियाबंद** । ग्राम पोंड मे गांव वाले के सहयोग से शिव भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया जिसमे कई हजारों लोगो को प्रसाद वितरण व खाना खिलाया गया द्य सावन सोमवार का ये आखरी सोमवार आने वाला है इस कारण कई हजारों भक्त गण भकुर्रा महादेव के दर्शान करके जल अभिषेक करेंगे द्य अपनी मनोकामनायें पुरी करेंगे द्य इस साल पानी कम गिर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in